दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली | बुधवार 09 जुलाई-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 200 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







# मंत्री गुलाब देवी सड़क हादसे में हुईं जख्मी

## काफिले के सामने अचानक कार आने से हुआ हादसा



हापुड़। उत्तर प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी की कार दिल्ली से बिजनौर जाने के दौरान हापुड़ के पिलखुवा में छिजारसी पुलिस चौकी के पास फ्लाईओवर पर हादसे का शिकार हो गई। मंत्री गुलाब देवी बिजनौर में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए जा रही थीं। हादसे में उनके माथे में मामूली खरोंच आई है। जबकि उनके ड्राइवर सतवीर के हाथ में चोट है। काफिले में शामिल एस्कॉर्ट समेत दो अन्य कार भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। हादसा आगे चल रही कारों के अचानक रुक जाने से हुआ। पुलिस चालकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हादसे पर दुख जताते हुए उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की है।

पुलिस के अनुसार बिजनौर जाने के दौरान मंत्री गुलाब देवी का काफिला एनएच-09 से होता हुआ बिजनौर जा रहा था। छिजारसी टोल पार करने के बाद एलिवेटेड फ्लाईओवर पर चढ़ने के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक सेंट्रो कार होने के कारण अचानक काफिला रोका गया, जिससे पीछे चल रहीं करीब चार कारें आपस में भिड़ गईं। गाड़ियों की टक्कर से अफरा-तफारी जैसे हालात बन गए। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार के चालकों को हिरासत में लिया। जबकि मंत्री व उनके चालक को रामा अस्पताल में भर्ती कराया गया।

हादसे की सूचना मिलते ही डीएम अभिषेक पांडे व एसपी ज्ञानंजय सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कराया। अस्पताल में मंत्री व उनके चालक की जांच की गई। चिकित्सकों ने बताया कि स्थिति सामान्य है और दोनों खतरे से बाहर हैं। जिन्हें आगे के लिए रवाना किया जा रहा है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।

# ब्रासीलिया पहुंचे पीएम मोदी का शिव तांडव के साथ हुआ स्वागत

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों के 8 दिवसीय विदेश यात्रा पर



**प्रधानमंत्री मोदी ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के साथ द्विपक्षीय वार्ता**

**ब्रासीलिया।** पीएम मोदी मंगलवार को रियो डी जनेरियो से ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे। यहां पर उनका स्वागत शिव तांडव स्तोत्र और भारतीय शास्त्रीय नृत्य से किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे यादगार स्वागत बताया और प्रवासियों की अपनी जड़ों से जुड़े रहने के लिए प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

ब्रासीलिया पहुंचे पीएम मोदी का एयरपोर्ट पर ब्राजील के रक्षा मंत्री जोस मुसियो मोंटेइरो फिल्हो ने स्वागत किया। यह उनकी पांच देशों की यात्रा का चौथा चरण है। पीएम मोदी के होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत 'भारत माता की जय' के नारों के साथ किया। इसी दौरान पीएम के स्वागत में संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कुछ विदेशियों ने पीएम मोदी के सामने शिव तांडव स्तोत्र भी प्रस्तुत किया। पीएम मोदी ने इन कलाकारों की सराहना की। पीएम मोदी ने उनका स्वागत करने आए बच्चों से भी बातचीत की और उनके साथ दुलार करते नजर आए।

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, थोड़ी देर पहले ब्रासीलिया पहुंचा। भारतीय समुदाय ने यादगार स्वागत किया, जो एक बार फिर दर्शाता है कि हमारे प्रवासी कितने भावुक हैं और वे अपनी जड़ों से कितने जुड़े हुए हैं। उन्होंने कुछ तस्वीरें भी साझा कीं, जिनमें उत्साहित और उत्साही प्रवासी भारतीय तिरंगा थामे प्रधानमंत्री मोदी का हाथ जोड़कर अभिवादन करते नजर आ रहे हैं। पीएम मोदी सोमवार को 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए बहुत ही उत्पादक रियो डी जेनेरियो यात्रा पूरी करने के बाद ब्राजील पहुंचे। भारतीय पीएम 2 जुलाई से 10 जुलाई तक 5 देशों की यात्रा पर हैं। अब तक वे घाना, त्रिनिदाद एंड टोबैगो, और अर्जेंटीना का दौरा कर चुके हैं। फिलहाल वे ब्राजील दौरे पर हैं और यहां से नामीबिया जाएंगे। राजकीय यात्रा पर ब्राजील की राजधानी पहुंचे भारतीय प्रधानमंत्री शेष, पृष्ठ 7

## मुख्य सचिव और डीजीपी ने मेरठ में कांवड़ को लेकर की बड़ी मीटिंग

# ज्यादा बड़े डीजे नहीं होंगे शामिल

# महिला कांवड़ियों को मिलेगा अलग मार्ग

### - उर्जा मंत्री एके शर्मा ने कांवड़ मार्ग में बिजली आपूर्ति 24 घंटे जारी रखने का आदेश जारी किया

### - सेफ्टी, सिक्योरिटी और आस्था का रहेगा पूरा ध्यान : डीजीपी



**मेरठ, करंट क्राइम :** कांवड़ यात्रा 2025 को लेकर मंगलवार को मेरठ में मुख्य सचिव मनोज सिंह और डीजीपी यूपी राजीव कृष्णा की मौजूदगी में बड़ी बैठक हुई। जिसमें 4 राज्यों के अधिकारियों के मौजूद रहे। बैठक में कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था से लेकर अन्य सुविधाओं पर चर्चा हुई। इसके साथ ही शांतिपूर्ण तरीके से कांवड़ यात्रा को संपन्न कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। वहीं, लखनऊ में उर्जा मंत्री एके शर्मा ने कांवड़ मार्ग में बिजली आपूर्ति 24 घंटे जारी रखने का आदेश जारी किया है। इसी के तरह गाजियाबाद में अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक कर रणनीति बनाई गई है।

## डाक कांवड़ की हाईट 10, चौड़ाई 12 फीट से ज्यादा न हो

करंट क्राइम : मेरठ में हुई कांवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करने यूपी के मुख्य सचिव मनोज कुमार और डीजीपी राजीव कृष्णा मेरठ पहुंच कर कमिश्नर दफ्तर सभागार में महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में यूपी के पुलिस और प्रशासन के अधिकारी के साथ हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली के पुलिस और प्रशासनिक अफसर भी मौजूद रहे। तो वहीं बैठक में डाक कांवड़ की हाईट 10 और चौड़ाई 12 फीट से ज्यादा न हो, इसको लेकर स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। साउंड की अधिकतम सीमा भी तय की गई है।

## प्रत्येक किलोमीटर तैनात रहेगी पुलिस




करंट क्राइम : डीजीपी यूपी ने कहा है कि रेलवे अधिकारियों से भी बता दिया गया है कि ट्रेन की छत पर कोई नहीं जाएगा। साथ ही साथ रेलवे स्टेशनों पर भी पूरी व्यवस्था बनाकर रखी जाए फिर चाहे वह खानपान की हो या अन्य. कांवड़ मार्गों पर प्रत्येक किलोमीटर में एक सब इंस्पेक्टर समेत कुछ पुलिसकर्मियों को लगाया जाएगा, ताकि किसी तरह की कोई समस्या उत्पन्न ही ना हो। सभी अधिकारियों का एक वाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है। जिसमें हरिद्वार से लेकर तमाम कांवड़ मार्ग से संबंधित अधिकारी उसमें जुड़े हैं जो कि हर गतिविधि को लेकर सजग रहेंगे।

## महिला कांवड़ियों के लिए अलग व्यवस्था

करंट क्राइम : डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि कांवड़ यात्रा को लेकर कुछ ऐसे भी नाम सामने आये हैं जो कि इसमें कॉम्पीटिशन की तैयारी कर रहे हैं। ये कोई प्रतियोगिता नहीं, बल्कि ये धार्मिक यात्रा ये भक्ति की भावना है। उन्होंने दो टूक कहा कि ये कोई ऐसा आयोजन नहीं है, जो लोगों की जान पर बन आए। डाक कांवड़ को लेकर उन्होंने कहा कि सेफ्टी, सिक्योरिटी और आस्था मुख्य हैं। महिला कांवड़ियों के लिए शिविरों में सेपरेट व्यवस्था के लिए भी निर्देश दिये गये हैं। यूपी के डीजीपी राजीव कृष्ण ने 11 जुलाई से पूरे कांवड़ रूट की शराब की दुकानों को ढकने के निर्देश दिये हैं। पूरे कांवड़ रूट की ड्रोन से निगरानी की बात उन्होंने कही है।

## बड़े डीजे के शहर में आने पर प्रतिबंध



करंट क्राइम : मुख्य सचिव मनोज सिंह ने बताया कि कांवड़ की हाईट को लेकर एसडीएम और इंस्पेक्टर नियम का पालन करने के निए निर्देश दिये हैं। ये एक धार्मिक यात्रा है, इसको सकुशल सम्पन्न कराना हमारी जिम्मेदारी है। जहां से कांवड़ की शुरूआत हो रही है, वहीं ये निश्चित होना चाहिए कि तय मानक के अतिरिक्त कांवड़ लेकर लोग बाहर सड़क पर न आएं। मुख्य सचिव ने कहा कि बीते साल लगभग 4 करोड़ कांवड़िया जल लेकर आये थे, वहीं ये भी निर्देश दिये हैं कि जो बड़े डीजे हैं, उन्हें शहर के अंदर नहीं आने दिया जाएंगे।

## डीजे की आवाज 75 डेसिबल निर्धारित :डीजीपी

करंट क्राइम : डीजीपी यूपी राजीव कृष्ण ने बताया है कि कांवड़ की हाईट को लेकर भी निर्देश दिये गये हैं। तो वहीं 75 डेसिबल से ज्यादा साउंड डीजे का न हो, साथ ही डीजे की हाईट दस और चौड़ाई 12 फीट से ज्यादा न हो। ये स्पष्ट निर्देश दे दिये गये हैं। जहां भी ये असेंबल होते हैं, वहां कहीं भी नियमों की अनदेखी कोई करता पाया गया तो उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# कांवड़ यात्रा : गाजियाबाद में 11 जुलाई से भारी वाहनों का रहेगा रूट डॉयवर्जन

### - 17 जुलाई से हल्के वाहनों के लिए डायवर्जन होगा प्रभारी






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कांवड़ यात्रा को देखते हुए यातायात पुलिस ने भारी वाहनों के लिए डायवर्जन प्लान जारी कर दिया है। 11 जुलाई से भारी मालवाहक वाहन शहर में प्रवेश नहीं कर पाएंगे। ऐसे वाहनों को एनएच-नौ और ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे का प्रयोग कर गंतव्य को जाना होगा। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, न्यू लिंक रोड और मेरठ रोड पर भी मालवाहक वाहनों व आवाजाही रोक दी जाएगी।

एडीसीपी ट्रैफिक सचिदानंद ने बीते दिनों ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक कर उन्हें डायवर्जन प्लान की जानकारी दे दी है। यह व्यवस्था 11 जुलाई की रात 10 बजे से 25 जुलाई तक प्रभावी रहेगी। तो वहीं हल्के वाहनों के लिए 17 जुलाई को डायवर्जन प्लान लागू किया जाएगा। अभी उसे जारी करने के लिए मंथन किया जा रहा है। सावन के पहले सोमवार पर 14 जुलाई को गौशाला अंडरपास और गौशाला रोड वाहनों के लिए बंद किए जाने पर भी विचार चल रहा है।

## इन मार्गों पर भारी वाहनों के लिए डायवर्जन प्लान




- दिल्ली बार्डर से आने वाले भारी वाहनों (लोनी बार्डर, तुलसी निकेतन, सीमापुरी, आनंद विहार बार्डर) को गाजियाबाद शहर में प्रवेश नहीं मिलेगा। ऐसे वाहन दिल्ली के चौधरी चरण सिंह मार्ग (रोड नंबर 56) होते हुए यूपी गेट से होकर एनएच-नौ द्वारा डासना इंटरसेक्शन पहुंचेंगे, फिर ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे से अपने गंतव्य की ओर जाएंगे।
- बागपत से दिल्ली की ओर जाने वाले वाहन सीधे सोनिया विहार के रास्ते दिल्ली में प्रवेश करेंगे।
- लोनी बार्डर से लोनी कस्बे की ओर भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।
- हापुड़ और बुलंदशहर की ओर से आकर दिल्ली जाने वाले वाहनों को शहर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। इन वाहनों को एनएच-नौ का प्रयोग करते हुए दिल्ली जाना होगा।
- एनएच-नौ पर संतोष मेडिकल कट से न्यू लिंक रोड और मेरठ तिराहा तक भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।
- गौर ग्रीन कट, खोड़ा, काला पत्थर रोड, नोएडा सेक्टर-62, छिजारसी व कनावनी पुलिया से होकर इंदिरापुरम की ओर जाने वाले भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है।
- गंगनहर पटरी कांवड़ मार्ग, पाइपलाइन मार्ग, मेरठ रोड और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर भी भारी वाहनों के संचालन पर रोक रहेगी।
- ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से कुंडली व पलवल की ओर से आने वाले वाहन दुहाई निकास से मेरठ रोड पर नहीं उतर सकेंगे।
- हापुड़ और भोजपुर से मोदीनगर की ओर भारी वाहन नहीं जा पाएंगे।
- साहिबाबाद अंडरपास से जीटी रोड तक सभी भारी वाहनों के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

# बारिश के साइड इफेक्ट : ट्रैक पर भरा पानी...ट्रेनों का संचालन प्रभावित

## सिग्नल फेल होने से रोकनी पड़ीं 26 ट्रेनें, यात्री परेशान







**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में बारिश के कारण लाइनपार के नाले उफनाए तो रेलवे ट्रैक पर जलभराव हो गया। इसके कारण मुरादाबाद यार्ड में सिग्नल और प्वाइंट फेल हो गए। मुरादाबाद-दिल्ली, मुरादाबाद-लखनऊ और मुरादाबाद-सहारनपुर लाइन पर काफी देर तक रेल यातायात ठप हो गया। 26 ट्रेनों को जगह-जगह रोकना पड़ा। इसके कारण ट्रेन में बैठे यात्री और स्टेशनों पर इंतजार कर रहे यात्रियों की परेशानी दोगुनी हो गई। मुरादाबाद से बरेली और दिल्ली तक पहुंचने में लोगों को छह घंटे लग गए।

रात 10 बजे बारिश तेज हुई और 10:30 बजे तक यार्ड में प्वाइंट फेल होने शुरू हो गए। एक बजे तक यह स्थिति बनी रही। हावड़ा से अमृतसर जा रही पंजाब मेल एक्सप्रेस को रात 9:52 बजे मुरादाबाद में रोका गया। इसके बाद 10:30 बजे जनता एक्सप्रेस, 10:40 बजे योगनरी ऋषिकेश समर स्पेशल एक्सप्रेस, 11 बजे बेगमपुरा एक्सप्रेस को कटघर में रोका गया।

11:30 बजे रानीखेत एक्सप्रेस मूंढापांडे में खड़ी हो गई। राजगीर से आ रही श्रमजीवी एक्सप्रेस 12 बजे के बाद तक बरेली में फंसी रही। छोटे-छोटे स्टेशनों पर भी कई ट्रेनें रोक दी गईं। रेलवे ने जलनिकासी के लिए पंप लगाए। रात दो बजे तक ट्रैक पर पानी कम हुआ और रेल संचालन सुचारू हो पाया। दिन में चलने वाली ट्रेनें भी लेट हो गईं। बरेली से चलने वाली आला हजरत एक्सप्रेस मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर ढाई घंटे देरी से पहुंची।

शहीद एक्सप्रेस, मुंबई एक्सप्रेस भी डेढ़ घंटे लेट हो गई। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि नालों के उफनाने के कारण यह समस्या हर साल होती है। रेलवे ट्रैक पर क्रॉस ड्रेनेज बना रहा है लेकिन स्थानीय निकाय को भी व्यापक व्यवस्था करनी चाहिए जिससे जलभराव न हो।

# सीएम नीतीश का 'मास्टर स्ट्रोक'

## सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35% आरक्षण




**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर बड़ा दांव खेला है, जो राज्य की महिलाओं और युवाओं के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है। विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश ने ऐलान किया है कि बिहार की बेटियों को अब हर सरकारी नौकरी में 35% आरक्षण मिलेगा। इतना ही नहीं, युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए बिहार युवा आयोग के गठन की भी घोषणा की गई है। ये कदम बिहार के विकास की नई कहानी लिख सकते हैं। आइए, जानते हैं इन ऐलानों की पूरी डिटेल्स।

नीतीश कुमार ने बिहार की मूल निवासी महिलाओं के लिए एक ऐतिहासिक फैसला लिया है। अब राज्य की सभी सरकारी सेवाओं, हर संवर्ग और हर स्तर के पदों पर सीधी नियुक्ति में महिलाओं को 35% आरक्षण दिया जाएगा। चाहे वह शिक्षक की नौकरी हो, पुलिस की भर्ती हो या प्रशासनिक पद, इस आरक्षण का लाभ बिहार की बेटियों को हर क्षेत्र में मिलेगा। यह कदम महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है।

**बिहार युवा आयोग का गठन :** मुख्यमंत्री ने युवाओं के लिए भी एक बड़ा तोहफा दिया है। उन्होंने बिहार युवा आयोग के गठन का ऐलान किया, जिसे मंगलवार को कैबिनेट की मंजूरी भी मिल गई। नीतीश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि यह आयोग बिहार के युवाओं को रोजगार, प्रशिक्षण और सशक्तिकरण के लिए काम करेगा। आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और सात सदस्य होंगे, जिनकी उम्र 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। यह आयोग न केवल सरकारी विभागों के साथ समन्वय करेगा, बल्कि समाज में युवाओं की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए सरकार को सलाह भी देगा।

**निजी क्षेत्र में रोजगार पर फोकस :** बिहार युवा आयोग का एक अहम लक्ष्य नशे जैसी सामाजिक बुराइयों को रोकना भी होगा। आयोग शराब और अन्य मादक पदार्थों के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम चलाएगा और सरकार को इस बारे में सुझाव देगा। इसके अलावा, यह आयोग बिहार के स्थानीय युवाओं को निजी क्षेत्र की नौकरियों में प्राथमिकता दिलाने पर काम करेगा। साथ ही, राज्य के बाहर पढ़ाई या काम करने वाले बिहारी युवाओं के हितों की रक्षा भी इसकी जिम्मेदारी होगी।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता का लंबी बीमारी के बाद निधन




**जोधपुर।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाऊलाल वैष्णव का आज सवेरे जोधपुर के एम्स अस्पताल में निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे और एम्स में उनका इलाज जारी था। दाऊलाल वैष्णव पूर्व में इनकम टैक्स विभाग में प्रैक्टिस करते थे और जोधपुर के पूर्व विधायक कैलाश भंसाली के साथ उनकी साझेदारी रही थी। वे मूल रूप से पाली जिले के जीवंद कलां गांव के निवासी थे, लेकिन 1966 में पाली से स्थाई रूप से जोधपुर आकर बस गए थे।

निधन की सूचना मिलते ही रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव कुछ देर पहले एम्स अस्पताल पहुंचे और अपने पिता को अंतिम विदाई दी। तीन दिन पहले भी वे जोधपुर आए थे और अस्पताल में अपने पिता से मुलाकात कर चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली थी।

आज दोपहर बाद जोधपुर में ही उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। परिवार के शोक में राजनीतिक व सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व आमजन ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता के निधन पर शोक जताया है।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे. ने अपने शोक संदेश में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिताजी के निधन पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अपने शोक संदेश में कहा कि दाऊलाल वैष्णव एक सरल एवं मूल्यनिष्ठ जीवन जीने वाले आदर्श व्यक्ति थे।

देवनानी ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति देने की ईश्वर से कामना की। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी अपने शोक संदेश में दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की है।

# आलीशान कोठी पर गरजा बुलडोजर

## सीएम बोले- सभी अपराधियों की संपत्तियां होंगी जब्त



**लखनऊ।** यूपी के बलरामपुर में धर्मांतरण व राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के मास्टरमाइंड जमालुद्दीन उर्फ छांगुर की मधुपुर स्थित आलीशान कोठी पर मंगलवार को बुलडोजर गरजा। सुबह 10.30 बजे प्रशासनिक टीम ने इसे गिराने की कार्रवाई की शुरू की।

इससे पहले सुबह 9.00 बजे भारी संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी छांगुर के आवास पहुंचे। प्रक्रिया पूरी करने के बाद करीब 10 बजे दो बुलडोजर बुलाए गए। लेकिन, मकान का गेट नहीं खुला। पुलिस ने गेट काटने के लिए गैस कटर मंगाया। इसके बाद गेट का लाक काटकर टीम और बुलडोजर घर के अंदर पहुंचे।

सीओ उतरौला राघवेंद्र सिंह ने घर का निरीक्षण किया। बायें तरफ से निर्माण ढहाने की कार्रवाई शुरू की गई। गेट के दायें तरफ बने दो मंजिला इमारत में कुछ लोग रह रहे थे। उन्हें घर से बाहर निकलने को कहा गया है। बुलडोजर कार्रवाई शुरू होने से मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। देखने वालों का तांता लगा रहा।

इससे पहले सोमवार शाम करीब 6:30 बजे तक छांगुर की कोठी पर पुलिस बल के साथ पहुंची प्रशासन की टीम ने गेट पर बेदखली का नोटिस चस्पा किया। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि बेदखली के नोटिस के बाद मधपुर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। तहसीलदार ने बताया कि सात दिनों में अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो प्रशासन अपने स्तर से अतिक्रमण को गिरवाएगा।

प्रशासन की कार्रवाई के बाद छांगुर की आलीशन कोठी में रह रहे लोगों ने आक्रोश जताया। छांगुर की बहू साबिरा पहली बार बाहर आई और प्रशासन पर आरोप लगाया कि पुलिस की कार्रवाई से बच्चे डरे हैं। मामले में प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि आरोप मनगढ़ंत है।

प्रदेश में गैर-मुस्लिम लड़कियों को बहला फुसलाकर कराए जा रहे धर्मांतरण के खिलाफ सिख व सिंधी समाज के लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया है। समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस तरह का कुत्सित प्रयास करने वालों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने धर्मांतरण की साजिश रचने वाले अपराधियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग की है।

छांगुर बाबा की करीबी नीतू नवीन रोहरा के यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) के नेटवर्क को एटीएस खंगाल रही है।

दरअसल, सातवीं कक्षा पास नीतू ने 2014 से 2019 तक 19 बार यूएई की यात्रा की, जिसकी वजह का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। इसी तरह नवीन घनश्याम रोहरा ने भी 2016 से 2020 के बीच 19 बार यूएई की यात्रा की।

# राजधानी दिल्ली में डबल मर्डर से फैली सनसनी

## सिविल लाइन थाना इलाके में एक महिला और बच्ची की हत्या

**दिल्ली में डबल मर्डर से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। यहां एक सिविल लाइन थाना इलाके में एक 22 साल की युवती और उसकी सहेली की बेटी की हत्या कर दी गई है।**



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के सिविल लाइन थाना इलाके में दोहरे हत्याकांड की वारदात को अंजाम दिया गया है। करीब 22 साल की युवती और उसकी सहेली की बेटी की घर में ही हत्या कर दी गई है। आसपास के लोगों को जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई।

मिली जानकारी के मुताबिक, सिविल लाइन थाना पुलिस फॉरेंसिक टीम और क्राइम टीम मौके पर मौजूद है। युवती का दोस्त मौके से फरार बताया जा रहा है। इस पर हत्या का शक जताया जा रहा है।

### दिल्ली में नाबालिग को मारी गोली

वहीं दूसरी तरफ आदर्श नगर इलाके में सोमवार रात तीन हमलावरों ने 17 साल के नाबालिग को गोली मार दी। नाबालिग की पहचान एमसीडी कालोनी निवासी आर्यन के रूप में हुई है। उसे दो गोली लगी है और उसका सिविल लाइन्स स्थित ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है। शुरूआती जांच में आपसी रंजिश में गोली मारने की बात सामने आई है।

उत्तर पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि सोमवार रात 10.14 बजे आदर्श नगर थाना पुलिस को सिविल लाइन्स स्थित ट्रॉमा सेंटर से एक नाबालिग को गोली मारे जाने की जानकारी मिली। अस्पताल पहुंची पुलिस को पता चला कि 17 साल के आर्यन को दो गोली मारी गई है।

अस्पताल में मौजूद उसकी मां नीतू ने बताया कि वह एमसीडी कॉलोनी में रहते हैं। रात में वह अपने बेटे आर्यन, परिचित रंजीता और निखिल के साथ एमसीडी कॉलोनी के मुख्य गेट फुट ओवर ब्रिज के पास फुटपाथ पर खड़ी थीं। सभी घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान जहांगीरपुरी के रहने वाले तीन लड़के लड्डू, शमशेर और शानू वहां आए और ताबड़तोड़ गोली चला दी। आर्यन को दो गोली लगी। वह तुरंत उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। आर्यन की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए उनके ठिकानों पर दबिश दे रही है।

# फिल्मी स्टाइल में धोखाधड़ी : फर्जी ईडी अधिकारी बन मारी रेड, 30 लाख लूटे




**नई दिल्ली।** पांच सितारा द अशोका-सम्राट होटल स्थित कार के शोरूम में फिल्म स्पेशल 26 की तर्ज पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की फर्जी रेड में 30 लाख रुपये लूट लिए गए।

आरोपियों ने शोरूम मैनेजर अनिल तिवारी को अपनी पहचान ईडी अधिकारी के रूप में दी और उसे बंधक बना लिया। अनिल को कार में ले गए और गुरुग्राम के पास रजोकरी में फेंक दिया।

इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारी इनके बारे में कुछ भी बताने से बच रहे हैं। हालांकि दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों में से एक पुलिस की वर्दी में था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि द अशोका होटल में बेंटले कार का शोरूम है। मैनेजर अनिल तिवारी 20 जून को अपने घर जा रहे थे। उन्हें शांतिपथ-नीति मार्ग गोलचक्कर के पास हंगरी एंबेसी के नजदीक दो आरोपियों ने रोक लिया।

इनमें से एक ने दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर की वर्दी पहन रखी थी। खुद को ईडी का अधिकारी बताते हुए मैनेजर से कहा कि उनके शोरूम में अवैध तरीके से काफी रकम आई है।

इसके बाद वे मैनेजर को वापस शोरूम में ले गए। वहां कार की डिग्गी खुलवाकर देखी तो उसमें 30 लाख रुपये रखे थे। आरोपियों ने बैग लिया मैनेजर अनिल को भी साथ ले गए।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस :** आरोपियों ने कहा कि ईडी की ओर से नोटिस भेजा जाएगा। इसके बाद ईडी कार्यालय में आना होगा।

# दिल्ली बनेगी 'ग्रीन सिटी': 1000 भवनों की छतों पर लगेंगे सोलर प्लांट

## महानगर में बिजली की मांग तेजी से बढ़ रही



**नई दिल्ली।** एमसीडी अब अपने ऊर्जा व्यय को घटाने और पर्यावरण के अनुकूल व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए तेज गति से सौर ऊर्जा को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ेगी। वह इस योजना के तहत अपने लगभग 1000 भवनों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाएगी।

यह कदम उठाने से करीब 20 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। एमसीडी अपने करीब 574 भवनों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर चुकी है, जिनकी क्षमता 13.25 मेगावाट है। एमसीडी के अनुसार, उसके पास वर्तमान में ऐसे 989 भवन हैं, जिनकी छतों पर करीब 20 मेगावाट क्षमता के संयंत्र लगाए जा सकते हैं। इन भवनों की उपयुक्तता का मूल्यांकन निवेश ग्रेड ऑडिट के माध्यम से किया जा रहा है।

इस परियोजना के पूर्ण होने पर एमसीडी का सालाना बिजली खर्च करोड़ों रुपये तक घट सकता है और यह राशि नगर सेवा सुधार के अन्य क्षेत्रों में उपयोग की जा सकती है। इतना ही नहीं, सौर ऊर्जा संयंत्रों से केवल बिजली बचत ही नहीं हो रही, बल्कि दिल्ली के वायु प्रदूषण को कम करने में भी सहायता मिल रही है। इससे कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आने की संभावना है। जिन भवनों पर संयंत्र पहले ही स्थापित किए जा चुके हैं, वहां विद्युत खपत में औसतन 30 से 40 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है।

**संयंत्र की स्थापना, संचालन और अनुरक्षण की जिम्मेदारी निष्पादन एजेंसी की :** एमसीडी यह परियोजना नवीकरणीय ऊर्जा सेवा कंपनी मॉडल के तहत क्रियान्वित कर रही है। इस मॉडल की सबसे खास बात यह है कि इसमें संयंत्र की स्थापना, संचालन और अनुरक्षण की संपूर्ण जिम्मेदारी निष्पादन एजेंसी की है। एमसीडी को इन कार्यों पर प्रारंभिक निवेश नहीं करना पड़ता। एजेंसी को पावर परचेज एग्रीमेंट के तहत अनुबंधित अवधि के दौरान प्रति यूनिट सौर ऊर्जा के लिए पूर्व निर्धारित दर पर भुगतान किया जाता है।

एमसीडी का कहना है कि दिल्ली जैसे महानगर में बिजली की मांग तेजी से बढ़ रही है।

**NAME CHANGED**

I, Ritu Goyal, wife of Vinesh Goyal, residing at E-22, Lajpat Nagar, Sahibabad, Rajendra Nagar, Ghaziabad, declare that I have changed my name from Ritu Goyal to Ritu Rani Goyal. In future, I shall be known as Ritu Rani Goyal for all purposes.

**संबंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र राहुल व उसकी पत्नी प्रीति को उनके गलत व्यवहार के कारण अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी नैतिक अनैतिक कार्यों के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
प्रार्थी रमेशचंद पुत्र रिशाल सिंह, निवासी 656, शिब्बनपुरा, थाना सिहानी गेट, जिला - गाजियाबाद

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






## सांसद अतुल गर्ग चाहते हैं शुरू हो हिंडन एयरपोर्ट से चार शहरों के लिए नई उड़ान

### एयरपोर्ट अथॉरिटी अध्यक्ष से पूछ लिया अवगत कराएं कितना हुआ फायदा और कितना नुकसान




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग एक नए विजन के साथ काम कर रहे हैं। उनके पास भले ही सड़क मंत्रालय नहीं है, उनके पास भले ही नागरिक उड्डयन मंत्रालय नहीं है, लेकिन अपनी लोकसभा क्षेत्र में वो जमीन से लेकर आसमान तक काम कर रहे हैं। जो एयरपोर्ट कई वर्षों से सूना पड़ा था अब उस एयरपोर्ट पर चहल-पहल है। एस एयरपोर्ट के रनवे पर हवाईजहाज दौड़ रहे हैं और नियमित रूप से यहां उड़ान संचालित हो रही है। सांसद अतुल गर्ग ने इस मिथक को भी तोड़ दिया है कि हिंडन डोमेस्टिक एयरपोर्ट से नागरिक उड़ान संचालित नहीं हो सकती। उन्होंने कंपनी से स्टे की कॉपी मांगी और फिर एयरपोर्ट के रनवे से आसमान की उड़ान का रास्ता खुल गया। वो लगातार इस पर काम कर रहे हैं और सांसद अतुल गर्ग ने एयरपोर्ट अथॉरिटी के अध्यक्ष विपिन कुमार को पत्र लिखा। इस पत्र में उन्होंने याद दिलाया कि हिंडन हवाई अड्डे से अतिरिक्त विमान सेवाएं शुरू की जानी है। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अध्यक्ष विपिन कुमार को पत्र लिखते हुए लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि 18 जून को टेलीफोन पर वार्ता हुई थी और उसी वार्ता के क्रम में एक बार पुनः अनुरोध किया था कि हिंडन एयरपोर्ट हवाई अड्डे गाजियाबाद से लखनऊ, प्रयागराज, अयोध्या तथा गोरखपुर के लिये विमान सेवाएं शुरू किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस पत्र के माध्यम से मेरी अपेक्षा है कि इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस सहित अन्य विमान सेवा प्रदाताओं से समन्वय कर इन सभी सिटी के लिये उड़ानों की व्यवस्था का प्रयास करें।

### कितने प्रतिशत मिले हैं ग्राहक और कितना हुआ है व्यवसायिक लाभ

करंट क्राइम। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के लिये अब हिंडन एयरपोर्ट की उड़ान उनके सपनों की उड़ान बन गई है। ये प्रोजेक्ट उनका सफल रहा है और सांसद अतुल गर्ग यहां भविष्य की रणनीति को साधकर चल रहे हैं। वो जानते हैं कि यहां विमानन कंपनियां लाभ-हानि का गणित बताएंगी। इसलिये उन्होंने पहले ही एयरपोर्ट अथॉरिटी के अध्यक्ष को पत्र लिखा और इस पत्र के माध्यम से उन्होंने पूछा है कि हिंडन हवाई अड्डे से नियमित शुरू हुई उड़ानों के बाद कितने प्रतिशत उड़ानों को ग्राहक मिल रहे हैं। उड़ानों के संचालन के प्रश्चात कितना व्यवसायिक लाभ हुआ है यह मुझे उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा सांसद अतुल गर्ग ने एयरपोर्ट अथॉरिटी के अध्यक्ष को पत्र लिखकर यह भी कहा है कि मुझे अन्य विमान सेवा कंपनियों के अधिकारियों के संपर्क विवरण यानी मोबाइल नंबर व ई-मेल उपलब्ध करा दें। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने एयरपोर्ट अथॉरिटी अध्यक्ष से उन विमान सेवा कंपनियों के अधिकारियों के मोबाइल नंबर व ई-मेल मांगे हैं जो उत्तर प्रदेश में उड़ान आरंभ करने में सक्षम हैं।

## हाउस टैक्स को लेकर मेयर ने कर दिया स्पष्ट, बढ़े हुए हाउस टैक्स बिल भेजने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर हो कार्यवाही

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हाउस टैक्स के बिलों को लेकर सदन की विशेष बैठक 30 जून को हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से बढ़े हुए हाउस टैक्स को प्रस्ताव द्वारा निरस्त किया गया। कर बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव को निरस्त करने की घोषणा खुद मेयर सुनीता दयाल ने की। इस मामले में नया मोड़ तब आया जब 7 जुलाई को नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले लोगों के पास निगम के कर विभाग द्वारा टैक्स जमा करने के संदेश भेजे गए। इन संदेशों के साथ करों का बिल भेजा गया और ये बिल कई गुणा बढ़ाकर भेजा गया। थोड़ी देर में ही ये संदेश एक-दूसरे को भेजे जाने लगे और इस मामले में भाजपा के पूर्व सीनियर पार्षद राजेंद्र त्यागी और पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने मोर्चा खोला। उन्होंने कहा कि जब सदन सर्वसम्मति से इसे निरस्त कर चुका है तो फिर ये संदेश क्यों भेजे जा रहे हैं।



मंगलवार को मेयर सुनीता दयाल इस पूरे मामले में फ्रंट पर आईं और उन्होंने स्पष्ट किया कि गृहकर बढ़ोत्तरी रद्द की जाती है। मेयर सुनीता दयाल के पास जनता तथा जनप्रतिनिधियों के फोन पहुंचे और उन्हें ये ज्ञात हुआ कि मोहननगर तथा वसुंधरा जोन में गृहकर के हाउस टैक्स के बढ़े हुए बिल अभी भी वितरण किये जा रहे हैं। जबकि नगर निगम सदन की बैठक का ये निर्णय है कि गृहकर में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की जाएगी। कोई बढ़े हुए बिल जनता को नहीं भेजे जाएंगे। आने वाले दो महीनों में हाउस टैक्स के बिलों की समीक्षा की जाएगी और हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी रद्द की जाती है। मेयर सुनीता दयाल ने नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को आदेश दिये है कि बढ़े हुए हाउस टैक्स के बिल भेजने वाले दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों को चिन्हित कर कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि सॉफ्टवेयर टैक्नीशियन को भी हाउस टैक्स के बिलों पर रोक लगाने हेतु निर्देशित किया जाए। मेयर ने स्पष्ट कर दिया कि बढ़े हुए हाउस टैक्स के बिल को भेजा जाना सदन में लिये गये निर्णय की अवहेलना है।

### क्यों आना पड़ा मेयर को स्वयं मैदान में

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मेयर सुनीता दयाल नगर निगम के सदन की मुखिया हैं। वो 100 पार्षदों की नेता हैं और उन्हीं की अध्यक्षता में बढ़े हुए हाउस टैक्स को लेकर बैठक आयोजित की गई थी। स्वयं मेयर ने हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव को निरस्त करने की घोषणा की थी। सूत्र बताते हैं कि जहां शहर के लोगों के पास, करदाताओं के पास, निगम का बिल पहुंचा वहीं इस मामले में कर विभाग के कर वसूली से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी कहीं-कहीं पार्षदों के समक्ष मौखिक रूप से यह कह दिया कि वो शासन के आदेश को मानेंगे और बैठक के फैसले को नहीं मानते। हालांकि इसमें मौखिक रूप से क्या कहा, यह उतना महत्वपूर्ण नहीं है, लेकिन लोगों के घरों पर कई गुणा वृद्धि वाले बिल भेजने के बाद लोग परेशान हो गए। इस मामले में अब तक पूरी स्थिति पर नजर रख रहीं मेयर को सामने आकर स्थिति स्पष्ट करनी पड़ी। उन्होंने प्रैसनोट जारी किया और ये स्पष्ट कर दिया कि जनता को कष्ट नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सॉफ्टवेयर टैक्नीशियन को भी निर्देशित किया जाए। वैसे भी इस मामले में अभी 29 जुलाई को हाईकोर्ट का फैसला आना है। अधिकारियों द्वारा की गई कर बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव और निगम के सदन द्वारा निरस्त किया गया प्रस्ताव अंतिम फैसले के लिये शासन के पास है और शासन को भी अपना फैसला सुनाना है। तब तक इस पूरे मामले को यथावत रखने के निर्देश हैं।

# प्रमुख सचिव नगर विकास ने निगम में चल रहे कार्यों का लिया जायजा

## पौधरोपण तथा वृक्ष संरक्षण के लिए अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक

### सीनियर सिटीजन केयर सेंटर का किया स्थलीय निरीक्षण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में अमृत अभिजात प्रमुख सचिव नगर विकास उत्तर प्रदेश द्वारा शहर में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया जिसमें गाजियाबाद नगर निगम के सीनियर सिटीजन केयर सेंटर पर चल रहे कार्यों की प्रगति भी जानी गई। मौके पर उपस्थित मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी तथा टीम द्वारा चल रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए नोडल अधिकारी गाजियाबाद द्वारा वन विभाग तथा गाजियाबाद नगर निगम उद्यान विभाग द्वारा ग्रीन गाजियाबाद के लिए किये जा रहे कार्यों का भी स्थलीय निरीक्षण किया गया। सेक्टर 23 संजय नगर स्थित नर्सरी का जायजा लिया गया। अधिकारियों से अधिक से अधिक फलदार वृक्ष व औषधि के पौधों को लगाने के लिए कहा गया मौके पर डॉक्टर अनुज प्रभारी उद्यान द्वारा शहर में चल रहे वन महोत्सव के बारे में जानकारी दी गई जिसमें जनप्रतिनिधियों के सहयोग से प्रत्येक वार्ड में पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है रिपोर्ट प्रस्तुत की गई डॉ अनुज द्वारा बताया गया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगभग मानसून से पौधा रोपण की कार्यवाही चल रही है। इस बार 113000 पौधारोपण का टारगेट गाजियाबाद नगर निगम द्वारा पूरा किया जाएगा, एनडीआरएफ में संयुक्त रूप से सभी ने पौधारोपण कर मुहिम को आगे बढ़ाया, अभिनव गोपाल मुख्य विकास अधिकारी भी निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहे।





### पौधों को वृक्ष बनने के बाद भी उनका संरक्षण कायम रखा जाए : नगर आयुक्त


नगर आयुक्त
विक्रमादित्य सिंह मलिक

करंट क्राइम। नगर आयुक्त गाजियाबाद विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नोडल अधिकारी द्वारा ग्रीन गाजियाबाद मुहिम को और अधिक वृहद बनाने के लिए अधिकारियों से बैठक की गई जिसमें गाजियाबाद जिला स्तरीय समस्त अधिकारी उपस्थित रहे, गाजियाबाद नगर निगम द्वारा पूर्व में किए गए पौधारोपण से घने वृक्ष बन चुके हैं जो कि प्रशंसनीय है। इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए अन्य अधिकारी गण भी अपने-अपने स्तर से वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन करें तथा पौधों को वृक्ष बनने के बाद भी उनका संरक्षण कायम रखा जाए तथा पर्यावरण को बचाने के लिए वृक्ष लगाना बेहद जरूरी है। जन-जन को जागरूक करने का अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

### आज बृहद स्तर पर किया जाएगा पौधरोपण : जिलाधिकारी दीपक मीणा


जिलाधिकारी
दीपक मीणा

करंट क्राइम। जिलाधिकारी दीपक मीना द्वारा बताया गया कि दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन गाजियाबाद में प्रमुख सचिव नगर विकास जो कि गाजियाबाद नोडल अधिकारी भी है पौधारोपण की समीक्षा बैठक की गई बैठक में दिए गए निर्देशों के क्रम में लगभग 10 लाख पौधे गाजियाबाद नगर निगम, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, जल निगम, पुलिस विभाग तथा जिला प्रशासन के द्वारा वृहद अभियान के रूप में पौधारोपण किया जाएगा साथ ही कई सामाजिक सभी अधिकारियों और विभागों के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में लगाए जाएंगे जिसकी पूर्ण तैयारी कर ली गई है। पौधों के लिए गड्ढा खोदने का भी कार्य पूर्ण हो चुका है। स्थान का चयन भी कर लिया गया है। संस्थाओं के माध्यम से पौधों का संरक्षण भी करने की तैयारी गाजियाबाद अधिकारियों ने की है जिसका शुभारंभ 9 जुलाई 2025 को पौधारोपण किया जाएगा।



### जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुए ग्रीन गाजियाबाद के लिए संयुक्त कार्यवाही करें अधिकारी : अमृत अभिजात

करंट क्राइम। प्रमुख सचिव नगर विकास द्वारा समीक्षा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को टारगेट पूरा करने के साथ-साथ इच्छा शक्ति पौधरोपण की कार्यवाही में प्रबल करने के लिए कहा गया। जनप्रतिनिधियों तथा जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुए जिला गाजियाबाद में पौधारोपण करने हेतु मोटिवेट किया गया, उपस्थित सभी अधिकारियों ने अपनी अपनी कार्य योजना प्रस्तुत की, जन सहयोग से गाजियाबाद को ग्रीन गाजियाबाद की ओर बढ़ाया जा रहा है जिसमें सभी अधिकारी संयुक्त रूप से बेहतर कार्य करें योजना बनाई गई है।

# हर थाने में पहुंच गया हरिद्वार से मंगाया गया 50-50 लीटर गंगाजल

### हर की पौड़ी से मंगाया गया है कांवड़ यात्रा के लिए 1400 लीटर गंगाजल







गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में हर साल कांवड़ यात्रा पर जिस तरीके से गाजियाबाद पुलिस शिव भक्तों के लिए कांवड़ खंडित होने की सूरत में गंगाजल वितरण कार्यक्रम करती है, उसे करने के लिए इस बार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में हरिद्वार की हर की पौड़ी घाट से लगभग 1400 लीटर गंगा जल मंगवाया गया है। मंगलवार से पुलिस कमिश्नरेट लाइन से प्रत्येक थाने को 50-50 लीटर गंगाजल वॉटर कैन में उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि थानों पर यह उपलब्ध रहे और किसी भी स्थिति में शिव भक्तों को यह मुहैया कराया जा सके। मंगलवार को कमिश्नरेट के सभी थानों के प्रभारी को गंगाजल उपलब्ध कराने और मंगवाने का निर्देश दिया गया था जो देर शाम तक पूरा कर लिया गया है।

### 11 जुलाई से शुरू हो रहा है सावन का महीना

करंट क्राइम : सावन के महीने में पश्चिम उत्तर प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों में कांवड़ यात्रा बेहद उल्लास और उत्साह के साथ मनाई जाती है। इसको लेकर पुलिस-प्रशासन और शासन स्तर से बड़े स्तर पर तैयारी होती है। तो वहीं पुलिस ने इस वर्ष भी लगभग हरिद्वार की हर की पैड़ी से 1400 लीटर गंगाजल मंगवाया है, जो कमिश्नरेट के सभी थानों में 50-50 लीटर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसका मकसद यह है कि अगर किसी भी शिव भक्त की कांवड़ खंडित होती है तो संबंधित थाने पर शिव भक्तों को गंगाजल उपलब्ध कराया जा सके ताकि इस दौरान शिव भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

> "हरिद्वार से कुल 1400 लीटर गंगाजल मंगवाया गया है। जिसको तीनों जोन के प्रत्येक थाने को 50-50 लीटर जल वॉटर कैन में उपलब्ध करा दिया गया है। कांवड़ यात्रा के दौरान गंगाजल की जहां पर भी डिमांड आएगी, वहां वितरित किया जाएगा।
>
> **निमिष दशरथ पाटिल**, डीसीपी लाइन
> पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद



# पूर्व विधायक की कार पर गिरा पेड़ का हिस्सा बाल-बाल बचे





**बिजनौर, गाजियाबाद।** भाजपा के संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की माता जी के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे नेताओं और कार्यकताओं को बिजनौर जाते समय चांदपुर से नटौर के रास्ते भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वन विभाग की ओर से इस मार्ग पर पैरों की कटाई चल रही है। सड़कों पर पेड़ों के हिस्से पड़े रहने से आने जाने वालों को भारी सुविधा का सामना करना पड़ा वही पैरों की कटाई से पूर्व विधायक सतबीर त्यागी एवं उनके बेटे की जान उसे समय बाल बाल बच गई जब पेड़ का एक हिस्सा उनके कर पर आज गिरा। मेरठ के पूर्व विधायक सतवीर त्यागी व उनका बेटा शोक व्यक्त करने नगीना बिजनौर जा रहे थे जैसे उनकी कार नटौर के पास पहुंची पेड़ का एक हिस्सा उनकी कार पर आ गिरा। गनीमत यह रही की पेड़ का हिस्सा गिरने से विधायक या उनके बेटे को चोट नहीं लगी। इस घटना के कुछ ही मिनट पहले प्रदेश की मंत्री गुलाब देवी का काफिला इसी रोड से गुजरा। लोगों का कहना था कि जब वीवीआईपी मूवमेंट हो रहा था तो पर कटाई का काम कुछ दिनों के लिए रोक दिया जा सकता था।

# आज गाजियाबाद में लगाए जाएंगे लाखों पौधे

## विजयनगर और मधुबन बापूधाम में होंगे आयोजन

### - रक्षा भूमि राइफल विजय नगर मैदान में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा करेंगे पौधरोपण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** प्रदेश को हरा-भरा बनाने और पर्यावरण संतुलन बैठाने के लिए बुधवार को न सिर्फ गाजियाबाद बल्कि उत्तर प्रदेश के अलग-अलग शहरों में लाखों की संख्या में हरे और नए पौधे लगाए जाएंगे। इसका मकसद हरियाली को बढ़ावा देना और पर्यावरण के संतुलन को बढ़ाने के साथ ही वायु प्रदूषण की स्थिति को सुधारने के लिए हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और साहिबाबाद से विधायक सुनील शर्मा विजयनगर स्थित रक्षा भूमि राइफल स्थल पर भाग 1 में वृक्षारोपण महा अभियान के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे और यहां प्रशासन के साथ ही अन्य लोग भी इस पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लेंगे। तो वहीं गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से मधुबन बापूधाम क्षेत्र में बड़े स्तर पर पौधा रोपण किया जाएगा। जिसमें गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

### सुबह 11 शुरू होगा पौधारोपण कार्यक्रम

करंट क्राइम : बुधवार को होने वाले पौधारोपण कार्यक्रम के लिए जहां प्रशासन और सामाजिक वानिकी प्रभाग गाजियाबाद द्वारा तैयारी की गई है। तो वहीं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। विजयनगर की जिस भूमि पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा पौधारोपण करेंगे, उसे खाली कराने के लिए पूर्व में गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग और सदर विधायक संजीव शर्मा द्वारा रक्षा मंत्रालय को लैटर लिखा गया था। इस जमीन को खाली कराने के लिए बड़ी मुहिम चलाई गई थी। फिर नगर निगम सहित अन्य एजेंसियों ने इस पर कार्रवाई करते हुए जगह को खाली कराया था और अब यहां बड़े स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

## संपादकीय

# अपनी शर्तों पर डील

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा टैरिफ की समयसीमा समाप्त होने के करीब है, जिससे व्यापार समझौतों पर अनिश्चितता बनी हुई है। कुछ ही देशों के साथ डील हो पाने और घरेलू-अंतर्राष्ट्रीय मोर्चों पर चुनौतियों के कारण ट्रंप की स्थिति कमजोर हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ को लेकर जो डेडलाइन दी थी, वह चंद घंटों में खत्म हो जाएगी। बात अब भी वहीं अटकी है। ट्रंप ने फिर से धमकाना शुरू कर दिया है और उनके अगले कदम को लेकर असमंजस बना हुआ है। केवल तीन डीलअमेरिका के व्यापार घाटे को ट्रंप टैरिफ का डंडा दिखाकर खत्म करना चाहते हैं। इसकी शुरूआत उन्होंने रेसिप्रोकल टैरिफ से की और फिर खुद ही 90 दिनों की छूट दे दी। यह समयसीमा तय करते हुए ट्रंप ने दावा किया था कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने वाले देशों की लाइन लग जाएगी। हालांकि ऐसा हुआ नहीं। ट्रंप बमुश्किल ब्रिटेन, चीन और वियतनाम के साथ डील कर पाए हैं। चीन के साथ हुई डील भी अकेले पेइचिंग की नहीं, वॉशिंगटन की भी मजबूरी थी।

चिट्ठी का सहारा ट्रंप ने अब कहा है कि उनका प्रशासन दुनियाभर में चिट्ठी भेजकर बताएगा कि किस देश पर कितना टैरिफ लगाया जा रहा है। उनके मुताबिक यह टैक्स कुछ भी हो सकता है – 10%, 20% या 60–70%, और यह बढ़ा टैरिफ एक अगस्त से लिया जाएगा। यानी ट्रंप ने फिर से अनिश्चितता का खेल शुरू कर दिया है। लेकिन, इस बार हालात अप्रैल से अलग हैं। अब शायद ट्रंप का टैरिफ दबाव काम न आए। कई फ्रंट खुले 6 महीने से भी कम समय में ट्रंप की स्थिति बदल चुकी है। वह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय, दोनों ही मोर्चों पर पहले की तरह मजबूत नजर नहीं आते। अपने कार्यकाल की शुरूआत उन्होंने जिन अजेंडों के साथ की थी – प्रवासी संकट, इकॉनमी, व्यापार घाटा और युद्ध का खात्मा, सभी पर वह फंसे हुए हैं। प्रवासियों को लेकर कैलिफोर्निया में बवाल हो गया, जबकि उनका उन्हीं की पार्टी के कई लोगों को पसंद नहीं आया। बढ़ रहे विरोधी ट्रंप के ड्रीम प्रॉजेक्ट ने घर में उनकी लोकप्रियता पर असर डाला है, जबकि यूक्रेन युद्ध को लेकर उनके फैसलों और अभी तक शांति स्थापित नहीं करवा पाने के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साख को धक्का लगा है। ट्रंप ने एक साथ कई मोर्चे खोल लिए हैं और जो भी उनकी नीतियों से सहमति नहीं रख रहा, उसे विरोधियों की लिस्ट में डालते जा रहे हैं। यहां तक कि कभी उनके बेहद करीबी रहे इलॉन मस्क भी अब उनके खिलाफ हैं। मुश्किल स्थिति ट्रंप की घोषणाओं के कारण गोते लगा चुका अमेरिकी शेयर बाजार बहुत मुश्किल से संभला है। ऊपर से पहली तिमाही की कम विकास दर, 2% के लक्ष्य से ज्यादा की महंगाई और डॉलर की गिरती कीमतों का दबाव है। ट्रंप अब शायद टैरिफ को हथियार बनाने की हालत में नहीं। ऐसे में भारत को अपनी शर्तों पर ही उनसे व्यापार डील करनी चाहिए।

# इनोवेशन की ताकत के साथ विश्व गुरु बनेगा भारत
# वैश्विक नेतृत्व की ओर तेजी से बढ़ाए कदम

**नई दिल्ली।** पीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट के अनुसार नवाचार के केंद्र के रूप में उभर रहा भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। देश पारंपरिक क्षेत्र की सीमाओं को पार करते हुए विकास के नए क्षेत्रों में प्रवेश कर रहा है। वर्ष 2023 में भारत का इनोवेशन प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। भारत इनोवेशन के क्षेत्र में तेजी से उभरता हुआ एक मजबूत खिलाड़ी बना जा रहा है। प्राइस वॉटरहाउस कूपर्स (ढ६ड) की रिपोर्ट के अनुसार भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करने की राह पर है।



इसमें कहा गया कि देश में मजबूत आर्थिक और औद्योगिक गति देखी जा रही है। इसका मुख्य कारण है विस्तारित विनिर्माण क्षेत्र और बढ़ती नवाचार क्षमताएं। भारत ने पारंपरिक सीमाओं को किया पार पीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय संगठन मौलिक मानवीय और व्यावसायिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पारंपरिक क्षेत्र की सीमाओं को पार करते हुए विकास के नए क्षेत्रों में प्रवेश कर रहे हैं। वर्ष 2023 में भारत का इनोवेशन प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। देश निम्न-मध्यम आय वाले देशों, मध्य और दक्षिणी एशिया में नवाचार रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर रहा।

इसके अलावा, भारतीय कंपनियों द्वारा औद्योगिक डिजाइन के लिए किए गए आवेदन 2023 में 36.4 प्रतिशत बढ़े। यह उत्पाद डिजाइन, रचनात्मक उद्योगों और विनिर्माण क्षेत्र में बढ़ती रुचि को दशार्ता है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि वैश्विक सफलता से सीख लेते हुए भारतीय कंपनियां अब पारंपरिक उद्योग सीमाओं को तेजी से तोड़ रही हैं। कुछ कंपनियाँ जिन्होंने मोबाइल फोन के निर्माण से शुरूआत की थी, अब वित्त, स्वास्थ्य सेवा और मनोरंजन के क्षेत्र में भी अपना विस्तार कर रही हैं। वहीं, ऑटोमोबाइल कंपनियों ने अंतरिक्ष, ऊर्जा और संचार जैसे क्षेत्रों में प्रवेश किया है। यह बदलाव केवल तकनीकी कंपनियों तक ही सीमित नहीं है। पारंपरिक खुदरा कंपनियां भी अब स्वास्थ्य और वित्तीय सेवाएं प्रदान कर रही हैं, जो भारत की नवाचार क्षमता और रणनीतिक साझेदारियों का प्रतीक है।

### विनिर्माण क्षेत्र की अहम भूमिका

रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि भारत की 30 ट्रिलियन डॉलर की संभावित अर्थव्यवस्था में 2047 तक 25 प्रतिशत योगदान के लिए विनिर्माण क्षेत्र को 22 से 23 वर्षों में 16 गुना बढ़ाने की आवश्यकता होगी। 'मेक' डोमेन के तहत ग्रॉस वैल्यू एडेड (जीवीए) के 2035 तक लगभग 2.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

### डिजिटल तकनीक अपनाने पर जोर

इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रिपोर्ट में डिजिटल तकनीकों को अपनाकर उत्पादकता और दक्षता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। साथ ही, कंपनियों को विविध क्षेत्रों में अवसर तलाशने की सलाह दी गई है ताकि व्यापक मूल्य सृजन सुनिश्चित किया जा सके।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि भारत 2023 से 2026 तक लगातार चार वर्षों तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। भारतीय स्टार्टअप और व्यवसायों ने इस वृद्धि में अहम भूमिका निभाई है, जो देश की प्रगति के इंजन के रूप में कार्य कर रहे हैं।

# साइप्रस की कंपनियां भारतीय शिपिंग क्षेत्र में उतरेंगी, 10000 करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा

**नई दिल्ली।** साइप्रस स्थित कंपनियों इंटरओरिएंट नेविगेशन कंपनी लिमिटेड और डैनशिप एंड पार्टनर्स लिमिटेड ने भारतीय शिपिंग क्षेत्र में 10,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है।



साइप्रस स्थित कंपनियों इंटरओरिएंट नेविगेशन कंपनी लिमिटेड और डैनशिप एंड पार्टनर्स लिमिटेड ने भारतीय शिपिंग क्षेत्र में 10,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। इंटरओरिएंट ने एक बयान में कहा कि यह निवेश भारतीय शिपिंग क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा एफडीआई है। 2005 में इस क्षेत्र को 100 प्रतिशत एफडीआई के लिए खोल दिया गया था। कंपनियों की ओर से यह घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 15 जून 2025 को साइप्रस यात्रा के कुछ दिनों बाद की गई है। अपनी यात्रा के दौरान मोदी ने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ औपचारिक चर्चा की थी। बयान के अनुसार, इस निवेश के अंतर्गत सभी जहाज भारतीय ध्वज के तहत पंजीकृत होंगे, जिससे भारत के राष्ट्रीय नौवहन टन भार में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इसमें कहा गया है कि भारतीय एक्जिम (निर्यात-आयात) व्यापार के लिए अर्जित माल ढुलाई भारतीय अर्थव्यवस्था में ही रहेगी। इंटरओरिएंट की स्थापना 1979 में हुई थी और यह 100 से अधिक जहाजों के बेड़े का प्रबंधन करता है।

# अमेरिका ने जवाबी टैरिफ की समयसीमा 1 अगस्त तक बढ़ाई

## निर्यातकों ने जताई राहत पर बरतनी होगी सतर्कता

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने रेसिप्रोकल टैरिफ की समयसीमा को 1 अगस्त का बढ़ा दिया है। इस निर्णय पर भारतीय निर्यतकों ने अलग-अलग प्रतिक्रिया है। उन्होंने कहा है कि इससे कुछ दिनों की राहत जरूर मिली है लेकिन भविष्य के लिए सतर्कता बरतनी होगी। अमेरिका ने रेसिप्रोकल टैरिफ को लेकर दुनियाभर के देशों की चिंता को कुछ दिनों की राहत दी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल को घोषित रेसिप्रोकल टैरिफ की समयसीमा को 1 अगस्त तक बढ़ा दिया है।



इस फैसले पर निर्यतकों ने कहा कि रेसिप्रोकल टैरिफ की समयसीमा बढ़ाना अमेरिका की अपनी व्यापारिक साझेदारों के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने की इच्छा को दशार्ता है। घरेलू उद्योग को कुछ दिनों की राहत मिली एक अन्य निर्यातक ने कहा कि इस निर्णय से घरेलू उद्योग को राहत मिलेगी। भारत को अंतरिम व्यापार समझौते पर अमेरिका के साथ बात करने के लिए 12 से 13 दिन का अतिरिक्त समय मिल गया है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार विशेषज्ञ विश्वजीत धर ने इसे भारत के लिए राहत भरा कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह प्रतिक्रिया भारत द्वारा कुछ मुद्दों पर कड़ा रुख अपनाने के कारण आई है। फियो के अध्यक्ष और लुधियना स्थित इंजीनियरिंग निर्यात ने कहा कि हालांकि यह एक छोटी सी राहत है, फिर भी हम उम्मीद लगाए बैठे हैं।

### व्यापार समझौते से भारत को लाभ मिलने की संभावना

भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (फियो) के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि यह कदम व्यापारिक वार्ता के लिए अवसर प्रदान करता है। इससे भारत को शेष मुद्दों को सुलझाने के लिए और समय मिला है। उन्होंने कहा कि अगर भारत इस महीने के अंत तक अमेरिका के साथ कम से कम वस्तुओं पर द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) कर लेता है, तो भारत को अन्य देशों की तुलना में अधिक प्रतिस्पर्धी लाभ मिल सकता है।

# अमेरिका से जल्द ही व्यापारिक समझौते को अंतिम रूप दे सकता है भारत

**नई दिल्ली।** भारत जल्द ही जल्द ही अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप दे सकता है। हालांकि, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया के कई देशों को औपचारिक टैरिफ पत्र जारी कर व्यापार समझौते से जुड़ा जवाब बढ़ा दिया है। हालांकि हमें इस समझौते को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया के दौरान सावधानी से कदम उठाना चाहिए। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव जीटीआरआई ने यह टिप्पणी की है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने कहा, ट्रम्प का मॉडल कोई मुक्त व्यापार समझौता नहीं है, यह एक अळफ्अ यानी अमेरिकी टैरिफ प्रतिशोध समझौता है।



अमेरिका ने अपने विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौतों को अंतिम रूप देने की समय-सीमा 9 जुलाई से बढ़ाकर 1 अगस्त कर दी है। ऐसे में अब भारत समेत अन्य देशों को समझौते के लिए और तीन सप्ताह का समय मिल गया है। यह समय विस्तार 2 अप्रैल को शुरू किए गए व्यापक व्यापार अभियान का हिस्सा है। इस अभियान की शुरूआत में ट्रम्प ने विशेष टैरिफ के लिए लगभग 60 देशों को चुना था। अब तक केवल केवल ब्रिटेन और वियतनाम ने ही अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया है। चीन के साथ भी एक अस्थायी समझौता हुआ है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, अब ट्रम्प दबाव बढ़ा रहे हैं। 7 जुलाई को उन्होंने 14 देशों को औपचारिक पत्र पर हस्ताक्षर किए। इसमें बताया गया कि अगर वे देश समझौता करने में विफल रहे तो 1 अगस्त से उन्हें कितनी टैरिफ का सामना करना पड़ेगा।

सोमवार को ट्रम्प प्रशासन ने जापान, दक्षिण कोरिया, कजाकिस्तान, मलेशिया, ट्यूनीशिया पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की; दक्षिण अफ्रीका, बोस्निया और हजेगोविना पर 30 प्रतिशत; इंडोनेशिया पर 32 प्रतिशत; बांग्लादेश, सर्बिया पर 35 प्रतिशत; कंबोडिया, थाईलैंड पर 36 प्रतिशत; और लाओस, म्यांमार पर 40 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की। श्रीवास्तव ने कहा कि व्हाइट हाउस द्वारा 'अंतिम नोटिस' बताई गई इन चेतावनियों के कारण देशों के पास दो विकल्प रह गए हैं कि वे अमेरिकी शर्तों पर समझौते पर हस्ताक्षर करें या दंडात्मक शुल्क का सामना करने के लिए तैयार रहें।

उन्होंने कहा कि टैरिफ वृद्धि से व्यापार प्रवाह बाधित होने, अमेरिका में उपभोक्ता कीमतें बढ़ने तथा वैश्विक स्तर पर आपूर्ति श्रृंखला में व्यापक जटिलताएं उत्पन्न होने की आशंका है। मई 2025 में चीन से अमेरिका का आयात पिछली अवधि की तुलना में 35 प्रतिशत कम हो गया।

## रोचक तथ्यों का करंट

- रुथ लॉरेंस, एक बाल विलक्षण गुण–संपन्न मनुष्य, ने 10 साल की उम्र में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी गणित की परीक्षा उत्तीर्ण की थी, सभी 530 उम्मीदवारों में से प्रथम आने के बाद, उन्होंने 13 साल की उम्र में एक वर्ष की डिग्री पूरी की थी।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय दुनिया का दूसरा सबसे पुराना क्रियाशील विश्वविद्यालय है। सबसे पुराना एक बोलोग्ना विश्वविद्यालय है।
- ऑक्सफोर्ड के नेतृत्व में एक शोध अध्ययन में पाया गया कि नास्तिक और अत्यधिक धार्मिक लोग कम से कम मौत से डरते हैं।
- ऑक्सफोर्ड के सबसे पहले कॉलेजों ने 13 वीं शताब्दी के दौरान दरवाजे खोले, लेकिन साल 1878 तक कोई महिला छात्रों की अनुमति नहीं थी।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में 200 से अधिक वर्षों की शराब की 1000 बोतलें हैं।
- साल 1755 में, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने एक डोडो पक्षी जला दिया, यूनिवर्सिटी इस बात से अनजान थी कि यह दुनिया का आखिरी पूर्ण नमूना था।

## राशिफल

**मेष:** आज ग्रहों की स्थिति आपकी सोच को थोड़ा भ्रमित कर सकती है और आप अनिश्चित, जिद्दी और जिद्दी हो सकते हैं। आप शत्रु की नीति के शिकार हो सकते हैं।

**वृष:** आज नए कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी, जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले से भी ज्यादा मजबूत होगा।

**मिथुन:** आज आप जोश से भरे रहेंगे और दूसरों को नेतृत्व प्रदान करने के इच्छुक रहेंगे। अत्यधिक क्रोध से बचें। बातचीत में संयमित रहें।

**कर्क:** अचानक धन लाभ या किसी योजना से आपको बड़ा लाभ मिल सकता है। आपके अधिकांश अधूरे काम पूरे हो सकते हैं।

**सिंह:** आज स्थिति कुछ खराब हो सकती है। स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है, परिणामस्वरूप आप चीजों को ठीक से करने में थकान महसूस कर सकते हैं।

**कन्या:** आज आप धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। नए लोगों से आपका संपर्क रहेगा। किसी काम की योजना बनाने और निर्णय लेने के लिए दिन शुभ है।

**तुला:** आपका मजबूत आत्मविश्वास और आज का आसान काम मिलकर आपको आराम करने के लिए काफी समय देगा।

**वृश्चिक:** चंद्रमा की स्थिति आपकी राशि के लिए अच्छी हो सकती है। कम से कम समय में कई कार्यों को पूरा करने का प्रयास करेंगे। सफलता मिलने के योग हैं।

**धनु:** आप सभी गतिविधियों में चमकेंगे और भाग्य आपका साथ देगा। नौकरीपेशा जातकों को कोई विशेष कार्य सफलता दिला सकता है।

**मकर:** आज पारिवारिक जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। आपको निजी समस्याओं को दोस्तों के साथ साझा करने से बचना चाहिए।

**कुंभ:** आज योजनाबद्ध परिश्रम से कार्य पूर्ण होने की संभावना है। भाग्य वृद्धि के अवसर प्राप्त होंगे। पुरानी समस्याएं या दौड़–भाग समाप्त होने की संभावना है।

**मीन:** आज आप किसी तरह अपना काम पूरा करेंगे और आपको लोगों से मदद मिलती रहेगी। कोर्ट से जुड़े काम समय पर पूरे होने के योग हैं।

## चुटकुले

पप्पू ने पूछा – कैसे हैं बाबाजी...?
बाबाजी बोले – हम तो साधू हैं बेटा...
हमारा 'राम' हमें जैसे रखते हैं, हम वैसे ही रहते हैं...!
तुम तो सुखी हो ना बच्चा...?
पप्पू बोला – हम तो संसारी लोग हैं बाबाजी...
हमारी 'सीता' हमें जैसे रखती है,
हम वैसे ही रहते हैं...!

---

एक दोस्त दूसरे दोस्त से...
बुलेट ट्रेन तो उन देशों के लिए बनी है,
जहां लोगों के पास समय की कमी है...!
हमारे यहां तो अगर कहीं जेसीबी लगी हो तो
आधा गांव तो उसे ही देखने चला जाता है...!

---

पत्नी – अगर मेरी शादी किसी राक्षस
से हो जाती तो भी
इतना दुखी न होती, जितनी तुम्हारे साथ हूं...!
पति – पगली! खून के रिश्तों में कहां शादी होती है...!
फिर क्या पतिदेव की हो गई जोरदार कुटाई...!

## 09 07 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



संगीता बिजलानी
अभिनेत्री



शिवांश | देवांश गर्ग | रूबी अग्रवाल | रितु खन्ना | श्वेता शर्मा



अनुपमा श्रीवास्तव | लक्ष्मी वत्स | प्रहलाद सिंह | अजित सिंह | सतीश गुप्ता | डॉ. चरण सिंह



कार्तिक चौधरी | मनीष बंसल | ललित मिश्रा | पंकज मुदगल | साहिल कुमार | विकास कश्यप | संजीव कुमार



प्रदीप गुप्ता | उपेन्द्र आर्य | अमन वत्स | अतुल शर्मा | ताराचंद गौतम | इमरान खान

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# रोहित ने कहा- धोनी में युवाओं से जुड़ने की खास क्षमता, कोहली बोले- वह हमेशा मेरे कप्तान रहेंगे




**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान और महान खिलाड़ियों में शुमार महेंद्र सिंह धोनी सोमवार को 44 वर्ष के हो गए। इस दिग्गज क्रिकेटर ने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद भी आईपीएल खेलना जारी रखा है और आक्रामक पारियां खेल दर्शकों के चहेते बने हुए हैं। माही के जन्मदिन को लेकर जियो हॉटस्टार ने ह्य7 शेड्स ऑफ एमएस धोनीह्न नाम का स्पेशल शो बनाया। इस दौरान रोहित शर्मा, विराट कोहली, जोस बटलर, मैथ्यू हेडन, संजय मांजरेकर और आकाश चोपड़ा जैसे वर्तमान और पूर्व क्रिकेटरों ने धोनी पर अपनी राय रखी। इस दौरान रोहित ने कहा कि धोनी में युवा खिलाड़ियों से जुड़ने और उन्हें प्रोत्साहित करने की खास क्षमता है। वहीं, विराट और बटलर ने भी अपने अनुभव, खास पल और खेल और अपने जीवन पर धोनी के स्थाई प्रभाव के बारे में जानकारियां साझा कीं।

### रोहित का धोनी को लेकर बयान

वहीं, रोहित शर्मा ने टी20 विश्व कप 2021 के दौरान ड्रेसिंग रूम में टरऊकी मौजूदगी के बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'मैंने 2007 में उनके नेतृत्व में अपना विश्व कप डेब्यू किया था। तब से हमारा सफर बहुत लंबा रहा और हमने साथ में बहुत क्रिकेट खेला। युवाओं से जुड़ने और उन्हें प्रोत्साहित करने की उनकी क्षमता, चाहे खेल की स्थिति हो या खिलाड़ी का प्रदर्शन, वास्तव में कुछ खास है। वह हमेशा एक खिलाड़ी के आसपास एक शांत माहौल बनाने की कोशिश करते हैं, ताकि वे असुरक्षित महसूस न करें। मेरा मानना है कि यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण गुण है।'

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जोस बटलर ने 2019 विश्व कप के दौरान धोनी की भूमिका की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, 'एक विकेटकीपर के रूप में, वह मेरे लिए आदर्श रहे हैं...मिस्टर कूल। मुझे हमेशा मैदान पर उनका व्यक्तित्व पसंद आया है। जब वह बल्लेबाजी करते हैं तो वह बहुत शांत और नियंत्रण में दिखते हैं। स्टंप के पीछे उनके हाथ बिजली की तरह तेज हैं और उन्हें खेल को गहराई तक ले जाना पसंद है। उनकी अनूठी शैली उन्हें खेल का एक बेहतरीन राजदूत बनाती है। मैं एमएस धोनी का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं।'

कमेंटेटर और विश्लेषक आकाश चोपड़ा ने एमएस धोनी की कप्तानी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'माही ने एक बहुत ही अनोखी नेतृत्व शैली विकसित की। यदि आप नेतृत्व की सात मान्यता प्राप्त शैलियों को देखें, तो उनकी शैली को 'लीडरशिप फ्रॉम बिहाइंड' कहेंगे। आमतौर पर, आप कप्तानों को लीडिंग फ्रॉम फ्रंट पर देखते हैं, लेकिन धोनी अलग थे। वह कहते थे- आप सभी आगे बढ़ो, अपना काम करो, अपना खेल खेलो। उन्होंने अपने खिलाड़ियों को पूरी आजादी दी। अगर चीजें योजना के अनुसार नहीं होतीं, तो वह हमेशा जिम्मेदारी लेने के लिए मौजूद रहते थे। इस तरह के भरोसे और समर्थन ने बहुत फर्क डाला।' ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर मैथ्यू हेडन ने धोनी के नेतृत्व पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, 'वह एक स्वाभाविक लीडर रहे। एक स्वाभाविक लीडन कौन होता है, यह समझने में बिना किसी शब्द के लगभग डेढ़ मिनट लगता है। और वह एमएस धोनी हैं।

### कोहली का धोनी को लेकर बयान

स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने शो के दौरान 2019 वनडे विश्व कप के दौरान एमएस धोनी के साथ अपने अनुभव के बारे में बताया। कोहली ने कहा, 'उनका सबसे बड़ा कौशल सबसे कठिन क्षणों में धैर्य बनाए रखना है। यही कारण है कि वह इतने अच्छे हैं, क्योंकि वह दबाव में सही निर्णय लेने में सक्षम हैं। वह हमेशा शांत और संयमित रहते हैं और वह खुद को उस मानसिक स्थिति में आने देते हैं, जहां वह सबसे महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। उनसे सीखने के लिए बहुत कुछ है। जब मैं भारतीय टीम में आया, तो वह मेरे कप्तान थे और वह हमेशा मेरे कप्तान रहेंगे।'

# हिमाचल के अविनाश जम्वाल ने विश्व मुक्केबाजी कप में देश को दिलाया रजत



**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के अविनाश जम्वाल ने विश्व मुक्केबाजी कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता है। इससे पहले उन्होंने ब्राजील में भी इसी प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया था। अब कजाकिस्तान के अस्ताना में भी ताकत का लोहा मनवाया। कजाकिस्तान के अस्ताना में 30 जून से 7 जुलाई तक विश्व मुक्केबाजी कप हुआ। विभिन्न मुकाबलों में अविनाश ने पूर्व ओलंपियन और मेजबान खिलाड़ियों को मात दी। फाइनल मुकाबले में अविनाश का सामना ब्राजील के यूरी फाल्काओ से हुआ।

दोनों खिलाड़ियों ने शानदार खेल और ताकत का प्रदर्शन किया। मुकाबला रोमांचक मोड़ तक पहुंचा। आखिरकार 2-3 के करीबी बाउट में अविनाश को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। हालांकि इससे पहले अविनाश ने प्री-क्वार्टर फाइनल में अजरबैजान के पूर्व ओलंपियन मलिक हसनओव को हराया। हिमाचल प्रदेश बॉक्सिंग संघ के महासचिव एसके शांडिल ने कहा कि लगातार दूसरी बार विश्व स्तर पर सिल्वर मेडल जीतकर यह साबित कर दिया है कि वह अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी में भारत की मजबूत उम्मीद बन चुके हैं।

# क्वार्टर फाइनल में पहुंचे सिनर, कोहनी की चोट और शुरूआती दो सेट गंवाने के बाद कैसे पहुंचे?



**नई दिल्ली।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर दाहिनी कोहनी में चोट और पहले दो सेट हारने के बावजूद अपने प्रतिद्वंद्वी ग्रिगोर दिमित्रोव के पेक्टोरल मांसपेशी में चोट लगने के कारण बाहर हो जाने से विंबलडन टेनिस टूनामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे। सिनर ने इससे पहले टूनामेंट में कोई भी सेट नहीं गंवाया था, लेकिन विश्व में 19वें नंबर के खिलाड़ी दिमित्रोव ने उनके खिलाफ पहले दो सेट 6-3, 7-5 से जीत कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली थी। लेकिन तीसरे सेट में जब स्कोर 2-2 से बराबरी पर था तब दिमित्रोव ने खेलना बंद कर दिया।

यह लगातार पांचवां ग्रैंड स्लैम टूनामेंट है जिसमें 34 वर्षीय दिमित्रोव मैच पूरा करने में विफल रहे। वह जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन और मई में फ्रेंच ओपन के अलावा पिछले साल विंबलडन और अमेरिकी ओपन में भी मैच के बीच में हट गए थे। सिनर पहले सेट के दौरान कोर्ट पर फिसल गए थे जिससे उनकी कोहनी चोटिल हो गई थी लेकिन उन्होंने बाद में कहा कि चोट गंभीर नहीं है और चिंता की कोई बात नहीं है।

तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अमेरिका के बेन शेल्टन से भिड़ेंगे। इस बीच महिला एकल में रूस की 18 वर्षीय खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने एम्मा नवारो को 6-2, 6-3 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। वह पिछले 18 वर्षों में विंबलडन के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई है। एंड्रीवा का अगला मुकाबला बेलिंडा बेनसिक से होगा, जो ऑल इंग्लैंड क्लब में पदार्पण करने के 11 साल बाद पहली बार विंबलडन क्वार्टरफाइनल में पहुंची हैं। बेनसिक ने 18वीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 7-6 (4), 6-4 से हराया। इसके अलावा लियुडमिला सैमसोनोवा नंबर दो कोर्ट पर जेसिका बौजास मानेरो को 7-5, 7-5 से हराकर अपने पहले ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंची।

सैमसोनोवा ने इस टूनार्मेंट में अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है और अब उनका सामना इगा स्वियाटेक से होगा, जो क्लारा टॉसन को 6-4, 6-1 से हराकर दूसरी बार विंबलडन क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं। पुरुष वर्ग में मारिन सिलिच को स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे शुरू हुए चौथे दौर के मैच में फ्लेवियो कोबोली से 6-4, 6-4, 6-7 (4), 7-6 (3) से हार का सामना करना पड़ा।

# प्री-स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप : बरेली के निशानेबाजों ने झटके सात पदक, 16 शूटरों ने किया क्वालीफाई



**नई दिल्ली।** एक से चार जुलाई तक मथुरा में आयोजित 27वीं प्री-स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में बरेली के निशानेबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सात पदक अपने नाम किए हैं। शहर के बीसलपुर रोड स्थित एक प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में एक चैंपियन ऑफ चैंपियंस टाइटल, तीन स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक जीते। साथ ही, 16 शूटरों ने स्टेट चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई भी किया।

प्रतियोगिता के महिला वर्ग में वृंदा महाजन ने 394/400 के स्कोर के साथ दो स्वर्ण पदक जीते और चैंपियन ऑफ चैंपियंस मुकाबले में 204.4 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। विधि गुप्ता ने 381/400 के स्कोर के साथ दो कांस्य पदक जीते।

पुष्पेंद्र कुमार ने मास्टर पुरुष वर्ग में व्यक्तिगत रजत पदक जीता। टीम इवेंट में शिवांकर गंगवार और उनकी टीम ने कांस्य पदक हासिल किया। महिला टीम इवेंट में अनामिका चौधरी, विधि गुप्ता और वृंदा महाजन की टीम ने स्वर्ण पदक जीता। कोच गौरव कुमार शर्मा, ओम गुप्ता और सविता यादव ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

वीर सावरकर नगर निवासी वृंदा महाजन स्कूल टाइम में एनसीसी प्रशिक्षण के दौरान पहली बार शूटिंग की तो उनकी रुचि बढ़ती गई। धीरे-धीरे यह शौक जुनून बन गया। पिछले तीन वर्षों से वह नियमित रूप से शूटिंग का अभ्यास कर रही हैं। वह अभिनव बिंद्रा को आदर्श मानती हैं और ओलंपिक में पदक जीतना चाहती हैं।

सन सिटी की विधि गुप्ता ने साथियों से प्रेरणा लेकर शूटिंग का प्रशिक्षण लेना शुरू किया। उन्होंने शूटिंग को सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और ध्यान को बढ़ाने का माध्यम माना। विधि भी अभिनव बिंद्रा को अपना प्रेरणास्रोत मानती हैं। वह बताती हैं कि प्रतियोगिताओं के दौरान परिवार हमेशा उनका उत्साहवर्धन करता है।

### टीवी पर ओलंपिक का प्रसारण देखा तो बढ़ी रुचि

महानगर निवासी शिवांकर ने हाल ही में 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है। ओलंपिक गेम्स में शूटिंग प्रतिस्पर्धा का प्रसारण देखा तो उन्होंने अकादमी में दाखिला ले लिया। एक साल से वह नियमित अभ्यास कर रहे हैं। पिता और परिवार के सहयोग को अपनी ताकत मानने वाले शिवांकर का लक्ष्य भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने का है।

# अजेय बढ़त हासिल करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

## हरमनप्रीत कौर और शेफाली वर्मा को दिखाना होगा दम



**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच जारी पांच मैचों की टी20 सीरीज का चौथा मुकाबला नौ जुलाई यानी बुधवार को खेला जाएगा। टीम इंडिया इस मैच में जीत के साथ 3-1 से सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करना चाहेगी।

### हरमनप्रीत और शेफाली को करना होगा सुधार

इंग्लैंड ने पिछले सप्ताह ओवल में खेले गए तीसरे मैच में पांच रन की जीत के दौरान मेहमान टीम की कुछ कमजोरियों को उजागर किया था। शेफाली ने इस मैच में 25 गेंदों पर 47 रन और हरमनप्रीत ने 17 गेंदों पर 23 रन बनाए, लेकिन दोनों बल्लेबाज अपनी अच्छी शुरूआत का फायदा उठाने में नाकाम रही।

स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और अमनजोत कौर ने अब तक भारत की बल्लेबाजी की जिम्मेदारी संभाली है और वे इन दो अनुभवी खिलाड़ियों से और अधिक सहयोग की उम्मीद करेंगे। शेफाली विशेषकर अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होगी क्योंकि आठ महीने बाद टीम में वापसी के बाद से वह अभी तक बड़ी पारी नहीं खेल पाई हैं। उन्होंने पहले दो मैच में 20 और तीन रन बनाए थे।

### हरलीन की जगह आई हरमनप्रीत

हरमनप्रीत पहले मैच में नहीं खेल पाई थी। उन्होंने दूसरे मैच में वापसी की जिसमें वह एक रन ही बना सकी थी। उन्हें हरलीन देओल की जगह अंतिम एकादश में लिया गया जिन्होंने पहले मैच में काफी प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। हरलीन ने 23 गेंदों पर 43 रन बनाए थे, जिससे मंधाना को अपनी लय बनाए रखने में मदद मिली थी।

### गेंदबाजों ने किया प्रभावित

इस सीरीज में भारत की स्पिनरों एन श्री चरणी (08 विकेट), दीप्ति शर्मा (06) और तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी (04) ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उन्हें बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव और तेज गेंदबाज अमनजोत से थोड़ा और सहयोग चाहिए होगा।

जहां तक इंग्लैंड की बात है तो अगर उसे श्रृंखला बराबर करनी है तो उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पिछले मैच में सलामी बल्लेबाज सोफिया डंकले और डैनी व्याट-हॉज ने अर्धशतक लगाए थे और टीम को फिर से उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

# भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा को टी20 रैंकिंग में हुआ एक स्थान का फायदा, दूसरे स्थान पर पहुंचीं



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम की स्पिनर दीप्ति शर्मा अपने करियर में पहली बार टी20 रैंकिंग में नंबर एक गेंदबाज बनने के करीब पहुंच गई हैं। दीप्ति नवीनतम रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं और शीर्ष टी20 गेंदबाज बनने की दहलीज पर खड़ी हैं। दीप्ति पिछले छह वर्षों से टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष-10 में बनी हुई हैं, लेकिन लगातार बेहतर प्रदर्शन करने के बावजूद वह अब तक शीर्ष स्थान हासिल नहीं कर सकी हैं।

टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के नवीनतम अपडेट में दीप्ति को एक स्थान का फायदा हुआ है और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। दाएं हाथ की यह गेंदबाज अब रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद पाकिस्तान की सादिया इकबाल से सिर्फ आठ रेटिंग अंक पीछे है। दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पांच मैचों की टी20 सीरीज के तीसरे मैच में तीन विकेट लेने के बाद अपनी नवीनतम रैंकिंग में सुधार किया है और यह ऑफ स्पिनर अंतिम दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी पाकिस्तानी प्रतिद्वंद्वी से शीर्ष स्थान हासिल कर सकती है।

भारत की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के हालिया मैच में तीन विकेट लेने के बाद 11 स्थान की छलांग लगाकर टी20 गेंदबाजों की सूची में 43वें स्थान पर पहुंच गई हैं। बल्लेबाजों में जेमिमा रोड्रिग्स दो पायदान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंच गई हैं। उन्होंने ब्रिस्टल में सीरीज के दूसरे मैच में अर्धशतक जमाया था।

# इंग्लैंड की हार से बौखलाए बॉयकॉट ने वोक्स पर साधा निशाना, क्राउली के लिए कहा- वह सुधर ही नहीं सकते



**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ एजबेस्टन में खेले गए दूसरे टेस्ट में मिली हार से इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ज्योफ्री बॉयकॉय निराश हैं। उन्होंने मौजूदा टीम के दो खिलाड़ियों पर खराब प्रदर्शन के लिए निशाना साधा है। बॉयकॉट ने वोक्स की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इस तेज गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ समय बीत चुका है, जबकि सलामी बल्लेबाज क्राउली के पास अपनी गलतियों से सीखने की क्षमता नहीं है।

वोक्स ने अभी तक 59 टेस्ट मैच खेले हैं और वह इंग्लैंड के मौजूदा आक्रमण में सबसे अनुभवी गेंदबाज हैं। इस तेज गेंदबाज ने भारत के खिलाफ मौजूदा सीरीज में अब तक दो मैचों में 82 ओवर फेंके और 290 रन देकर केवल तीन विकेट लिए। उन्होंने जिन तीन पारियों में बल्लेबाजी की, उनमें उन्होंने 50 रन बनाए और उनका सर्वोच्च स्कोर 38 रन है। बॉयकॉट ने ब्रिटिश दैनिक ह्यद टेलीग्राफह्न में अपने कॉलम में लिखा, 'जब खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ समय बीत जाता है तो वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाता और ऐसे खिलाड़ियों को टीम में रखने से प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।'

बॉयकॉट ने लिखा, 'क्रिस वोक्स को देखिए। उम्र बढ़ने के साथ-साथ उनकी गति कम होती जा रही है। इसकी आप उम्मीद कर सकते हैं। वह विदेश में कभी भी विकेट लेने वाले गेंदबाज नहीं रहे हैं। विदेशी जमीन पर उनका रिकॉर्ड खराब है। इंग्लैंड में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है और जब बल्लेबाज विफल रहते हैं तो उनसे रन बनाने की उम्मीद की जाती है, लेकिन उनका मुख्य कौशल गेंदबाजी है और उनका काम विकेट लेना है।' क्राउली पर निशाना साधते हुए बॉयकॉट ने कहा कि यह सलामी बल्लेबाज अब इससे ज्यादा बेहतर नहीं हो सकता। क्राउली ने भारत के खिलाफ अब तक चार पारियों में एक अर्धशतक लगाया है। बॉयकॉट ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि वह बदल सकते हैं या बेहतर हो सकते हैं। बल्लेबाजी दिमाग में होती है और दिमाग ही तय करता है कि आप बल्लेबाजी कैसे करेंगे, आप कौन से शॉट खेलने की कोशिश करेंगे, कौन सी गेंदें छोड़ेंगे। तकनीक और सोच में उनकी खामियां गहरी हैं।'

# कोहली ने भारत-पाकिस्तान मैच की तुलना टेनिस से की

## बोले- इसी तरह के दबाव से गुजरते हैं खिलाड़ी



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने टेनिस खिलाड़ियों की तुलना भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले से की है। कोहली का कहना है कि टेनिस खिलाड़ी हर सप्ताह उसी तरह के दबाव से गुजरते है जिसकी तुलना क्रिकेट में विश्व कप के नॉकआउट और भारत-पाकिस्तान के बीच मैच से की जा सकती है। कोहली हाल ही में वर्ष के तीसरे ग्रैंडस्लैम विंबलडन का मुकाबला देखने पहुंचे थे।

### कोहली बोले- टेनिस खिलाड़ियों का बहुत सम्मान करता हूं

कोहली ने टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट प्रारूप से संन्यास ले लिया है और अब वह भारत के लिए वनडे में ही खेलते हैं। भारतीय टीम भी इंग्लैंड दौरे पर है, लेकिन कोहली इन दिनों अपने परिवार के साथ समय बिता रहे हैं। उन्होंने एक स्पोर्ट्स चैनल पर कहा, मुझे लगता है दोनों खेलों में यह अनुभवी (दबाव की स्थितियों में) एक जैसा हो सकता है। हम टेनिस खिलाड़ियों के जैसे दबाव का सामना भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप मैच में या विश्व कप के सेमीफाइनल या फाइनल में महसूस करते है। ये खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल से फाइनल तक बहुत अधिक दबाव का सामना करते है। मैं टेनिस खिलाड़ियों का बहुत सम्मान करता हूं, क्योंकि वे धैर्य के साथ खेलते हैं और अपनी फिटनेस और मानसिक मजबूती को बनाए रखते हैं।

कोहली ने कहा कि मैच के लगातार बदलते स्वरूप के कारण क्रिकेटरों को मैदान पर अपनी-अपनी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा, अलग-अलग खेलों की अलग-अलग चुनौतियां होती हैं। क्रिकेट में एक चुनौती यह है कि आपको लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। आप सुबह अभ्यास करते हैं और फिर वापस आकर ड्रेसिंग रूम में इंतजार करते हैं क्योंकि आपको नहीं पता होता कि आप कब बल्लेबाजी करने वाले हैं। टेनिस में शायद परिस्थितियों का बेहतर आभास होता है। आपको पता होता है कि आप किस स्थिति में जा रहे हैं।

कोहली का मानना है कि क्रिकेट में टेनिस के मुकाबले वापसी का कम मौका मिलता है। उन्होंने कहा, क्रिकेट में बल्लेबाजी से जुड़ी एक और चुनौती यह है कि आपको सिर्फ एक मौका मिलता है। आपके पास वापसी करने के ज्यादा मौके नहीं होते हैं। आप एक गलती करते हैं और बाकी दिन आप बल्लेबाजी नहीं कर पाएंगे। लेकिन टेनिस में खिलाड़ी दो सेट गंवाने के बाद भी वापसी कर जीत सकते हैं।

# आर्चर-एटकिंसन की वापसी से खुश इंग्लैंड ने चली चाल, लॉर्ड्स टेस्ट के लिए इस तरह की पिच की मांग की



**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में 336 रनों से मिली करारी शिकस्त से आहत इंग्लेंड ने 10 जुलाई से लॉर्ड्स में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट मैच के लिए रणनीति बनानी शुरू कर दी है। इंग्लिश टीम ने तेज गेंदबाजों की मददगार पिच की मांग की है। तीसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग-11 में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की वापसी लगभग तय है, जबकि गस एटकिंसन को भी शामिल किया जा सकता है। एटकिंसन का लॉर्ड्स में रिकॉर्ड शानदार है।

आर्चर लंबे समय तक कोहनी और पीठ की चोटों से उबरने के बाद टेस्ट में वापसी के लिए तैयार हैं। उन्होंने अपना पिछला टेस्ट फरवरी 2021 में खेला था। एटकिंसन हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों में खिंचाव) की समस्या के कारण दूसरे टेस्ट से चूक गए थे। उनकी वापसी से टीम को तेज गेंदबाजी आक्रमण के मजबूत होने की उम्मीद है। इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा कि वह लॉर्ड्स के मुख्य ग्राउंड्समैन कार्ल मैक्डरमॉट से थोड़ी अधिक गति, उछाल और स्विंग वाली पिच चाहते हैं।

# न्यू नोएडा अवैध निर्माण को चिह्नित करेंगे लेखपाल

## 80 गांवों की 209 वर्ग किमी पर बसेगा शहर, राजस्व विभाग से करेंगे समन्वय, प्रत्येक सप्ताह देनी है रिपोर्ट



**नोएडा (करंट क्राइम)।** न्यू नोएडा में अवैध निर्माण को रोकने के लिए प्राधिकरण ने दो लेखपालों को नियुक्त किया है। दोनों लेखपाल के नोएडा के 20 और बुलंदशहर के 60 गांवों को देखेंगे। राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर यहां अवैध निर्माण की गतिविधियों को चिह्नित करेंगे। साथ ही प्रत्येक सप्ताह नोएडा प्राधिकरण को अपनी रिपोर्ट देंगे। 4 जुलाई को इसे संबंधित एक कार्यालय आदेश जारी कर दिया गया है।

शासन की ओर से उठ्ठक्क्को विकसित करने के लिए 29 जनवरी 2021 को जमीन 80 गांवों की जमीन के लिए अधिसूचना जारी की गई थी। जिसके बाद यहां निर्माण के लिए नोएडा प्राधिकरण की मंजूरी की आवश्यकता है। बिना अनुमति के बनाया गया निर्माण अवैध माना जाएगा। उठ्ठक्क्शहर करीब 209.11 वर्ग किमी में बसाया जाना है।

प्राधिकरण ने बताया कि यहां अवैध निर्माण को रोकने के लिए लेखपाल के तौर पर राजेश कुमार शर्मा व मनोज कुमार दुबे को नियुक्त किया है। राजेश कुमार शर्मा को बुलंदशहर के 30 गांव और गौतमबुद्धनगर के 10 गांवों की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा मनोज कुमार दुबे बुलंदशहर के 30 और नोएडा के 10 गांव दिए गए है। इनका काम इन गांवों में हो रहे अवैध निर्माण को चिह्नित करना और प्रत्येक सप्ताह रिपोर्ट तैयार कर प्राधिकरण को सौंपना है।

चार फेज में पूरा किया जाएगा 80 गांवों की जमीन पर बसाया जाएगा। इसके मास्टर प्लान को चार फेज में पूरा किया जाएगा। 2023-27 तक इसके 3165 हेक्टेयर को विकसित किया जाएगा। इसी तरह 2027 से 2032 तक 3798 हेक्टेयर एरिया को विकसित किया जाएगा। इसके बाद 2032-37 तक 5908 हेक्टेयर और अंत में 2037-41 तक 8230 हेक्टेयर जमीन को विकसित करने का प्लान है। इससे पहले यहां जमीन अधिग्रहण और मुआवजा के लिए रेट तय किए जाएंगे।

आपसी सहमति से ली जाएगी जमीन प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि न्यू नोएडा के लिए जमीन का अधिग्रहण किसानों से आपसी सहमति के आधार किया जाएगा। यहां मुआवजा रेट क्या होगा इस पर विस्तार से चर्चा की गई। हालांकि अभी कोई निर्णायक फैसला नहीं हुआ है। सबसे पहले 15 गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। जबकि न्यू नोएडा को 80 गांवों की जमीन पर बसाया जाएगा। प्रत्येक गांव में करीब 200 किसान परिवार है। यानी कुल 16 हजार किसान परिवार है। जिनके साथ बैठक की जाएगी। पहले फेज में 3165 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाना है।

# महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने किया प्रेसवार्ता का आयोजन

## सनातन धर्म की रक्षा किए बिना मानवता की रक्षा की कल्पना असंभव : महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने राजू सैनी के आवास पर एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया। प्रेसवार्ता में उनके साथ यति अभयानंद, डॉ उदिता त्यागी, संजय धीमान, प्रवीण महादेव, संदीप जिंदल, चाहन सिंह बलियान, डॉ. योगेंद्र योगी, पंडित सुनील दत्त शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि मुजफ्फरनगर की पवित्र धरा पर श्राद्ध पक्ष में 7 सितंबर 2025 से 15 सितंबर 2025 तक सनातन धर्म की रक्षा के लिए 9 दिवसीय मां बगलामुखी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस महायज्ञ के उपरांत 13 और 14 सितंबर को दो दिवसीय गीता महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में संपूर्ण विश्व से संत महात्मा व गीता मनीषी भाग लेंगे। यह आयोजन गीता के वास्तविक अर्थों को सम्पूर्ण विश्व के समक्ष रखने और संपूर्ण विश्व को मानवता की रक्षा करने को प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि मां बगलामुखी सनातन धर्म में सद्बुद्धि की सबसे प्रचंड शक्ति है। अब हम सब उन्हीं की शरण में चलकर उनसे सनातन धर्म और हमारे परिवार सहित अस्तित्व की रक्षा की प्रार्थना करेंगे। हम मां बगलामुखी की सुप्त शक्तियों के जागरण हेतु सम्पूर्ण विश्व में इस प्रकार के आयोजन करेंगे।

# आरटीआई के तहत महापुरुषों की प्रतिमाओं की देखरेख की जानकारी मांगी




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम के क्षेत्र में स्थापित महापुरुषों की मूर्तियों की दशा को लेकर आरटीआई के तहत नगर आज से जानकारी मांगी गई। आरटीआई कार्यकर्ता व वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु कुमार गुप्ता ने हिंडों मेट्रो के पास नेताजी सुभाष चंद्र बोस और हिंडन ब्रिज पर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा की बदहाली का जिक्र करते हुए नगर आयुक्त से सवालों के जवाब मांगे हैं उन्होंने कहा की प्रतिमाओं की देखरेख की जिम्मेदारी किस पर है। नगर निगम इन प्रतिमाओं की देखरेख पर सालाना कितना खर्च करता है। इसकी साफ सफाई और मरम्मत आदि के लिए कितना बजट रखा गया है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस निकट आ रहा है लेकिन शहर में महापुरुषों की मूर्तियां खस्ता हाल स्थिति में है। हिंडन मेट्रो के पास सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के आसपास गंदगी पड़ी है प्रतिमा को भी नुकसान हो रहा है इसी तरह हिंडन ब्रिज के पास स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा भी जर्जर हो रही है। नगर निगम को यह बताना चाहिए कि इन प्रतिमाओं की देखरेख की जिम्मेदारी किस पर है।

# आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद मोहन नगर स्थित आई टीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में 30वें पीजीडीएम बैच के छात्र-छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम का सेवानिवृत आईएएस अधिकारी विनोद जोशी और डॉ राधेश्याम मिश्रा ने उद्घाटन किया। इस मौके पर सदाफ शाहिद, सुशी सिंह, पूजा मित्र चेनॉय डॉ अजय कुमार और चेयरपर्सन डॉ अनुषा अग्रवाल भी उपस्थित थे।

सेवानिवृत्ति आईएएस अधिकारी डॉक्टर राधेश्याम मिश्र ने छात्रों से लीडरशिप डेवलपमेंट वैश्विक स्तर पर कार्य क्षमता विकसित करने और भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने के बारे में चर्चा की।

# मोदी-योगी के नेतृत्व से बदल रही भारत की तस्वीर : प्रदीप चौहान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वाल्मीकि क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा पश्चिमी क्षेत्र प्रदीप चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व से उत्तर प्रदेश के साथ-साथ पूरे भारत की तस्वीर बदल रही है। 2014 से पहले कांग्रेस की सरकार में देश की जनता का और भारत देश का पूरी तरह से शोषण हो रहा था लेकिन जैसे ही 2014 में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने अपने कुशल नेतृत्व से भारत की तस्वीर बदल दी। पुलवामा हमले का जवाब ऑपरेशन सिंदूर से देकर उन्होंने एक मिसाल पेश की है जो कि पूरे भारत देश के लिए गर्व की बात है। भारत विश्व में चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। पूरे भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर में इतना सुधार हुआ है जिसको देश की जनता स्वीकार कर रही है। अब हमारा भारत देश विश्व के सर्वोच्च ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है।

# वरिष्ठ भाजपा नेता विंध्यवासिनी कुमार के स्वास्थ की कामना के लिए किया हवन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व उप सभापति विधानपरिषद एवं प्रदेश महासचिव गंभीर बीमारी के चलते लखनऊ हॉस्पिटल में एडमिट है। उनके जल्द स्वास्थ कामना के लिए समर्थकों ने विवेकानंद नगर के श्री जगेश्वर महादेव मंदिर में हवन, पूजा कर श्री वासिनी के स्वथ होने की कामना की।

इस अवसर पर पार्षद राजकुमार नागर, पार्षद वीरेंद्र त्यागी, पूर्व पार्षद हिमांशु लव, सचिन सोनी, सुनील चौधरी, प्रेमपाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# नोएडा में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**नोएडा (करंट क्राइम)।** फेज-दो थाने की पुलिस ने 25 दिन पहले एक परिवार पर जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपए इनामी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में छह आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा चुका है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इलाहाबास गांव में 15 जून को लोकेश के घर में घुसकर कुछ लोगों ने मारपीट की थी। लोकेश की शिकायत पर गौरव, मोनू, दीपक, गोल्डी उर्फ हरस, रितिक, अंकुर, दीपक, सचिन, बॉबी, अशोक, नंदू और नितिन भाटी के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। पुलिस ने चार आरोपियों दीपक, अशोक, रितिक, गौरव, गोल्डी और नमन उर्फ नंदू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने फरार चल रहे आरोपी फरीदाबाद निवासी आरोपी दीपक पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# एकेजी कॉलेज को विश्वविद्यालय की मान्यता मिलने पर डॉ.अतुल जैन ने संस्थापक राकेश गर्ग को दी बधाई





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** वर्ष 1998 में निजी क्षेत्र में स्थापित इंजीनियरिंग कॉलेज अजय कुमार गर्ग को इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय प्रारंभ करने की अनुमति प्राप्त होने पर टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फाउंडेशन के महासचिव डॉ.अतुल जैन ने कॉलेज के संस्थापक और सचिव राकेश गर्ग को पुष्प गुच्छ भेंट करके बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उनसे भविष्य की योजनाओं के विषय में भी बात की। इस अवसर पर राकेश गर्ग ने बताया कि शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए विशेषज्ञ, अनुभवी शिक्षकों को उपलब्ध कराया जाएगा और विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ संपूर्ण व्यक्तित्व विकास पर ध्यान दिया जाएगा। डा.अतुल कुमार जैन ने राकेश गर्ग और उनकी समस्त टीम को पुनः बधाई और शुभकामनाएं देते हुए आशा और विश्वास व्यक्त की कि अजय कुमार गर्ग विश्वविद्यालय छात्र-छात्राओं को उत्तम शिक्षा प्रदान करने में एक अच्छे केंद्र के रूप में विकसित होगा।

# अपना रसोई सेवा, एक सुखद अनुभूति : विपुल अग्रवाल




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री हनुमान मंदिर घंटाघर पर साप्ताहिक मंगलवार श्री हनुमंत रसोई सेवा का शुभारंभ समाजसेवी विपुल अग्रवाल द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए सुखद अनुभूति है मैं रसोई सेवा से जुड़ा हूं। आज सेवा में अमिता गोयल, सुदेश रानी, रमेश खजांची, अशोक गोयल, अशोक कुमार शर्मा, एन के गोयल, माया भारती आदि ने सेवा की।




# बढ़ेगी एसीपी और एसएचओ की अटेंशन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में साहब द्वारा शुरू किए गए नए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग अभियान ने जहां कई एसीपी और एसएचओ की टेंशन बढ़ा दी है। तो कई अटेंशन में आ गए हैं। सुनने में आ रहा है कि जिन साहब लोगों के कार्यालय 11 तक खुलने का वेट करते थे, अब वहां 9:30 बजे ही खटपट शुरू हो जाती है। सोमवार को पहला दिन था, तो थाना प्रभारी और एसीपी को पहले ही फोन करके अलर्ट कर दिए गए थे। मंगलवार को कई लोग लेट जुड़े हैं, ऐसी जानकारी मिली है। तो सुनने में यह आया है कि कई एसीपी अधिकारी तो आजकल अपने घर से आफ्टर 10 ओ'क्लॉक ही गाड़ी स्टार्ट कर ले रहे हैं। तो वहीं कई थाना प्रभारी 9:30 बजे ही रेडी हो रहे हैं। पुलिस कमिश्नर द्वारा शुरू किए गए इस नए अभियान के बाद जहां कई थाना प्रभारियों ने नया टैब निकाला है। तो कई पुराने मोबाइल में नई सिम डालकर काम चला रहे हैं। इसके साथ ही कई एसीपी स्तर के अधिकारियों की टेबल पर मोबाइल फोन की संख्या बढ़ गई है। तो राहत वाली बात यह है कि जब भी एसीपी को कनेक्ट करना होता है उसे तभी ऑनलाइन किया जाता है वरना वह स्लिप मोड में रहते हैं। कुल मिलाकर अभी इस ऑनलाइन वाली जनसुनवाई का दूसरा दिन था। देखना होगा आने वाले दिनों में क्या-क्या मामले, किस्से कहानी और समस्या- समाधान आते हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आगामी कांवड़ यात्रा को लेकर भी तैयारी का सिलसिला जोरों पर चल रहा है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में दोबारा से कांवड़ यात्रा खत्म होने का वेट शुरू हो गया है क्योंकि कांवड़ यात्रा समाप्त होने के बाद बड़े स्तर पर रवानगी होनी है। तो थानों के प्रभारियों लिए लिस्ट वाला ट्वीट आएगा। बताया जा रहा है कि देहात के दो थानों के लिए लगभग फेस चुन लिए गए हैं, तो नदिया पार वाला थाना फिर एक बार महिला थाना के रूप में पहचाना जाएगा। वहां किसी महिला थ्री-स्टार को भेजा जा सकता है। ऐसी चर्चा इन दिनों सुनाई दे रही है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि जो जुलाई लास्ट या अगस्त फर्स्ट वीक में लिस्ट आएगी, उसमें कास्ट फैक्टर प्रमुखता के साथ नजर आएगा। वही कांवड़ यात्रा के दौरान कोई विकेट ना गिरे इस पर भी सभी की निगाहे रहेगी। बताया जा रहा है कि कमिश्नरेट में कई ऐसे चेहरे प्रभारी और डीसीपी स्तर पर भी हैं जो पहली बार कांवड़ यात्रा का इतना बड़ा लोड लेंगे। तो वहीं दो डीसीपी की कमिश्नरेट में यह पहली कांवड़ यात्रा रहने वाली है। कुल मिलाकर देखना होगा कि साहब द्वारा शुरू की गई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग जनसुनवाई के बाद क्या किसी पर बड़ी कार्रवाई भी होगी या मामला ऐसे ही राइट और टाइट के बीच चलता रहेगा।



# सडक हादसे में मंत्री गुलाब देवी के सिर पर गंभीर चोट काफिले की चार गाडियां आपस में टकराई





**हापुड़ (करंट क्राइम)।** करंट क्राइम। प्रदेश सरकार की मंत्री गुलाब देवी सडक हादसे में घायल हो गई है। उनके काफिले की गाड़ियां टकरा गई हैं। हादसे में मंत्री गुलाब देवी के सिर में चोंट आई है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

शिक्षा मंत्री गुलाब देवी मंगलवार को एक कार्यक्रम में शामिल होने दिल्ली से बिजनौर जा रही थी। बिजनौर में वे भाजपा संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह की मां के निधन पर शोक व्यक्त करने जा रही थी। जब वह कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थी तभी उनके काफिले में एक गाडी में अचानक ब्रेक लगा दिया। जिससे पीछे चल रही गाडियां टकरा गई। यह हादसा पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के नेशनल 9 पर हुआ है। जानकारी के अनुसार, काफिले की एक गाडी में अचानक ब्रेक लगाए जाने के कारण यह हादसा हुआ है। जिस लेन में मंत्री का काफिला चल रहा था, उसमें एक कार खड़ी थी। आगे चल रही कार में पहले टक्कर हुई और फिर इसकी चपेट में मंत्री के काफिले में शामिल गाड़ियां भी आ गईं।

# प्रेमी संग देख पति ने कर दी पिटाई, पुलिस समझाने में जुटी



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** बृजघाट गंगा तट पर मंगलवार को एक पति-पत्नी के बीच विवाद का मामला सामने आया। पति ने अपनी पत्नी को उसके कथित प्रेमी के साथ गंगा तट पर देखा। जिसके बाद वहां हंगामा होने लगा। आपस में मारपीट होने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक गढ़ निवासी एक पति को पहले से ही पत्नी की गतिविधियों पर संदेह कर रहा था। सूचना मिलने पर पति बृजघाट पहुंचा। उसने पत्नी को प्रेमी के साथ बैठे देखा। इसके बाद तीनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। मामला बढ़ने पर हाथापाई की नौबत आ गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव की कोशिश की। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। एक राहगीर ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में गंगा तट पर जमा भीड़ और पति-पत्नी का विवाद साफ दिख रहा है। कोतवाली प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि पुलिस वायरल वीडियो की जांच कर रही है। जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कांग्रेस की एआईसीसी मैम्बर और गाजियाबाद से लोकसभा से लेकर मेयर का चुनाव लड़ चुकीं कांग्रेस नेता डॉली शर्मा इन दिनों छुट्टियां इंजॉय कर रही हैं। काम के बीच में वो पुद्दूचेरी में समुंद्र तट यानी बीच पर दिखाई दीं। डॉली शर्मा ने इन पलों को फेसबुक पर साझा किया। डॉली शर्मा की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# ब्रासीलिया पहुंचे पीएम मोदी का शिव तांडव के साथ हुआ स्वागत

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों के 8 दिवसीय विदेश यात्रा पर

**ब्रासीलिया।** पीएम मोदी मंगलवार को रियो डी जनेरियो से ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे। यहां पर उनका स्वागत शिव तांडव स्तोत्र और भारतीय शास्त्रीय नृत्य से किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे यादगार स्वागत बताया और प्रवासियों की अपनी जड़ों से जुड़े रहने के लिए प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

ब्रासीलिया पहुंचे पीएम मोदी का एयरपोर्ट पर ब्राजील के रक्षा मंत्री जोस मुसियो मोंटेइरो फिल्हो ने स्वागत किया। यह उनकी पांच देशों की यात्रा का चौथा चरण है। पीएम मोदी के होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत 'भारत माता की जय' के नारों के साथ किया। इसी दौरान पीएम के स्वागत में संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कुछ विदेशियों ने पीएम मोदी के सामने शिव तांडव स्तोत्र भी प्रस्तुत किया। पीएम मोदी ने इन कलाकारों की सराहना की। पीएम मोदी ने उनका स्वागत करने आए बच्चों से भी बातचीत की और उनके साथ दुलार करते नजर आए।



पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, थोड़ी देर पहले ब्रासीलिया पहुंचा। भारतीय समुदाय ने यादगार स्वागत किया, जो एक बार फिर दशार्ता है कि हमारे प्रवासी कितने भावुक हैं और वे अपनी जड़ों से कितने जुड़े हुए हैं। उन्होंने कुछ तस्वीरें भी साझा कीं, जिनमें उत्साहित और उत्साही प्रवासी भारतीय तिरंगा थामे प्रधानमंत्री मोदी का हाथ जोड़कर अभिवादन करते नजर आ रहे हैं। पीएम मोदी सोमवार को 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए बहुत ही उत्पादक रियो डी जेनेरियो यात्रा पूरी करने के बाद ब्राजील पहुंचे। भारतीय पीएम 2 जुलाई से 10 जुलाई तक 5 देशों की यात्रा पर हैं। अब तक वे घाना, त्रिनिदाद एंड टोबैगो, और अर्जेंटीना का दौरा कर चुके हैं। फिलहाल वे ब्राजील दौरे पर हैं और यहां से नामीबिया जाएंगे। राजकीय यात्रा पर ब्राजील की राजधानी पहुंचे भारतीय प्रधानमंत्री का हवाई अड्डे पर ब्राजील के रक्षा मंत्री जोस मुसियो मोंटेरो फिल्हो ने स्वागत किया। पीएम मोदी मंगलवार को ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा के साथ व्यापार, डिफेंस, एनर्जी, स्पेस, टेक्नोलॉजी, खेती और हेल्थ समेत कई मुद्दों पर द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने लिखाः इंडिया-ब्राजील के बीच मजबूत साझेदारी में नए कदम उठाते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्राजील की राजकीय यात्रा पर राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे। आगमन पर, हवाई अड्डे पर ब्राजील के रक्षा मंत्री जोस मुसियो मोंटेरो फिल्हो ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

**प्रधानमंत्री मोदी ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के साथ द्विपक्षीय वार्ता**

पारंपरिक ब्राजीलियाई सांबा रेगे प्रदर्शन द्वारा स्वागत को शानदार संगीतमय बनाया गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने भी लिखाः ब्रासीलिया हवाई अड्डे पर, बटाला मुंडो बैंड ने कुछ बेहतरीन रचनाएं बजाईं। उनका यह प्रयास एफ्रो-ब्राजीलियन पर्क्यूशन, विशेष रूप से ब्राजील के साल्वाडोर दा बाहिया के सांबा-रेगे को बढ़ावा देने का वैश्विक प्रयास है। कुछ घंटे पहले प्रधानमंत्री ने रियो डी जेनेरियो की अपनी यात्रा को बहुत उत्पादक बताया था। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, अब राजकीय यात्रा के लिए ब्रासीलिया जा रहा हूं। भारत-ब्राजील संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर राष्ट्रपति लूला के साथ विस्तृत बातचीत करूंगा। मेरी ब्राजील यात्रा का रियो चरण बहुत उत्पादक रहा। हमने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में व्यापक विचार-विमर्श किया। मैं राष्ट्रपति लूला और ब्राजील सरकार को उनके ब्रिक्स प्रेसीडेंसी के माध्यम से इस मंच को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए किए गए काम के लिए बधाई देता हूं। विश्व नेताओं के साथ मेरी द्विपक्षीय बैठकें विभिन्न देशों के साथ भारत की मित्रता को भी बढ़ावा देंगी।

पीएम मोदी ने सोमवार को पर्यावरण और स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे प्रमुख मुद्दों को उच्च प्राथमिकता देने के लिए ब्रिक्स की प्रशंसा की। उन्होंने इन विषयों को मानवता के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया, साथ ही इस बात पर जोर दिया कि भारत के लिए जलवायु न्याय केवल एक विकल्प नहीं है, बल्कि यह एक नैतिक दायित्व है। पर्यावरण, सीओपी-30 और वैश्विक स्वास्थ्य पर ब्रिक्स सत्र में बोलते हुए पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण सुरक्षा हमेशा से भारत की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है।

## भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स को मिलेगी नई पहचान, मानवता सर्वोपरि हमारी भावना



**रियोडी जेनेरियो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स देशों से वैश्विक सहयोग और बहुध्रुवीय दुनिया के लिए उत्प्रेरक की मिसाल बनने का आह्वान किया। 17वें ब्रिक्स सम्मेलन में बहुपक्षवाद, आर्थिक-वित्तीय मामलों और एआई को सुदृढ़ करने पर आयोजित सत्र में मोदी ने कहा, समूह की ताकत इसकी विविधता और बहुध्रुवीयता के प्रति साझा प्रतिबद्धता में निहित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत अपनी अध्यक्षता में ब्रिक्स को नए रूप में परिभाषित करेगा। जहां ब्रिक्स का अर्थ होगा सहयोग व स्थिरता के लिए लचीलापन और नवाचार का निर्माण। उन्होंने यह भी कहा, भारत अपने नेतृत्व के दौरान समूह में जन-केंद्रित प्रगति की भावना को आगे बढ़ाएगा। भारत अगले वर्ष ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा।

पर्यावरण व वैश्विक स्वास्थ्य पर सत्र में पीएम मोदी ने कहा कि पृथ्वी और लोगों की सेहत एक-दूसरे से जुड़े हैं। भारत के लिए जलवायु न्याय कोई विकल्प नहीं है, यह नैतिक कर्तव्य है। जहां कुछ लोग इसे संख्याओं में मापते हैं, भारत इसे मूल्यों में जीता है। मानवता सर्वोपरि की भावना पीएम मोदी ने कहा,

### 2028 में कॉप 33 की मेजबानी करेगा भारत

भारत 2028 में जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) के 33वें सम्मेलन (कॉप 33) की मेजबानी करेगा। ब्रिक्स देशों ने अपने घोषणापत्र में भारत की उम्मीदवारी का स्वागत किया। ब्रिक्स देशों ने पेरिस समझौते के उद्देश्य और लक्ष्यों की खोज में एकजुट रहने की अपनी प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

### रेयर अर्थ मेटल को लेकर पीएम का इशारों में चीन पर निशाना

ब्रिक्स सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा, समूह के देशों को रेयर अर्थ मेटल यानी महत्वपूर्ण खनिजों और टेक्नोलॉजी की सप्लाई चेन को सुरक्षित बनाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। माना जा रहा है कि पीएम मोदी ने अप्रत्यक्ष रूप से चीन को लेकर यह बात कही।

भारत ने जी-20 की अध्यक्षता के दौरान विकासशील देशों की चिंताओं के मुद्दे उठाए। उन्होंने कहा, जिस तरह से जी-20 की अध्यक्षता में हमने समावेशिता सुनिश्चित की और वैश्विक दक्षिण के मुद्दों को एजेंडे में प्राथमिकता दी।

### ब्रिक्स वैश्विक दक्षिण के लिए बने सहयोग की मिसाल : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स देशों से वैश्विक सहयोग और बहुध्रुवीय दुनिया के लिए उत्प्रेरक की मिसाल बनने का आह्वान किया। 17वें ब्रिक्स सम्मेलन में बहुपक्षवाद, आर्थिक-वित्तीय मामलों और एआई को सुदृढ़ करने पर आयोजित सत्र में मोदी ने कहा, समूह की ताकत इसकी विविधता और बहुध्रुवीयता के प्रति साझा प्रतिबद्धता में निहित है। वह बोले, वैश्विक दक्षिण को हमसे अपेक्षाएं हैं। उनके लिए हमें मिसाल कायम करनी होगी। भारत साझा लक्ष्यों लिए सभी साझेदारों संग कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए प्रतिबद्ध है। ब्रिक्स की विविधता और बहुध्रुवीयता में हमारी आस्था ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सबसे पहले, हमारे अपने तंत्रों को बेहतर बनाने पर जोर दिया। ब्रिक्स एनडीबी में परियोजनाओं को मंजूरी देते वक्त स्वस्थ क्रेडिट रेटिंग पर ध्यान जरूरी पीएम मोदी ने कहा, ब्रिक्स न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) के माध्यम से परियोजनाओं को मंजूरी देते समय, मांग-आधारित निर्णय प्रक्रिया, दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता और एक स्वस्थ क्रेडिट रेटिंग बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।

# उत्तरी गाजा में आईडीएफ के पांच सैनिक मारे गए

## इस्राइली हमलों में 18 फलस्तीनियों की भी गई जान

**तेल अवीव।** गाजा में हमले में इस्राइल के पांच सैनिक और इस्राइली हमलों में 18 फलस्तीनी मारे गए, जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। ये हमले ऐसे समय में हुए, जब इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से युद्धविराम प्रस्ताव पर चर्चा कर रहे थे। इस्राइली सेना ने मंगलवार को कहा कि गाजा में हुए एक हमले में उसके पांच सैनिक मारे गए। उधर, फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि इस्राइली हमलों में 18 लोग मारे गए हैं। यह हमला ऐसे समय में हुआ, जब इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से गाजा संघर्ष को रोकने के लिए एक युद्धविराम योजना पर बातचीत कर रहे थे। हालांकि, किसी बड़े समझौते की घोषणा नहीं की गई है, लेकिन बातचीत में प्रगति के संकेत मिले हैं। सैनिकों की मौत से नेतन्याहू पर संघर्षविराम के लिए समझौता करने का दबाव बढ़ सकता है। इस्राइल में सर्वेक्षणों में युद्ध को खत्म करने के लिए व्यापक समर्थन दिखा है। इस्राइल के एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि उत्तरी गाजा के बीत हनून इलाके में एक ऑपरेशन के दौरान सैनिकों के पास विस्फोटक लगाए गए थे। यह इलाका युद्ध की शुरूआत में एक महत्वपूर्ण जगह थी, जहां



इस्राइल ने कई बार लड़ाई लड़ी है। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अधिकारी ने कहा, घायल सैनिकों को निकालने वाले सैनिकों पर भी दुश्मन ने गोली चलाईं।

इस्राइली सेना ने बताया कि हमले में 14 सैनिक घायल हुए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। इसके साथ ही 2023 में हमास के खिलाफ शुरू हुए युद्ध होने के बाद से कुल मारे गए सैनिकों की संख्या 888 हो गई है। सैनिकों की मौत उस घटना के करीब दो सप्ताह बाद हुई है।


# यूएस में कोविड वैक्सीन नीति में बदलाव पर बवाल

## स्वास्थ्य मंत्री कैनेडी के खिलाफ मुकदमा दायर

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के स्वास्थ्य मंत्री रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर के खिलाफ बोस्टन की संघीय अदालत में मुकदमा दायर किया गया है। यह मुकदमा सोमवार (स्थानीय समयानुसार) को डॉक्टरों और सार्वजनिक स्वास्थ्य संगठनों के एक समूह ने दायर किया है, क्योंकि अमेरिकी सरकार ने अधिकांश बच्चों और गर्वभती महिलाओं के लिए कोविड-19 वैक्सीन की सिफारिश बंद कर दी थी। मुकदमा दायर करने वालों में अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स, अमेरिकन पब्लिक हेल्थ एसोसिएशन, और चार अन्य समूह शामिल हैं। इनके साथ एक गर्भवती डॉक्टर भी हैं, जो बोस्टन के एक अस्पताल में काम करती हैं।

### स्वास्थ्य अधिकारियों ने टीका लगवाने की दी थी सलाह

अमेरिकी स्वास्थ्य अधिकारियों ने संक्रामक रोग विशेषज्ञों के मार्गदर्शन का पालन करते हुए पहले 6 महीने और उससे अधिक उम्र के सभी लोगों के लिए हर साल कोविड-19 वैक्सीन का टीका लगवाने की सलाह दी थी। लेकिन मई के अंत में, स्वास्थ्य मंत्री कैनेडी ने घोषणा की कि वह स्वस्थ बच्चों और



गर्भवती महिलाओं के लिए रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्रों की सिफारिशों से कोविड-19 टीकाकरण को हटा रहे हैं।

### स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कैनेडी के इस कदम को बताया भ्रामक

कई स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य मंत्री के इस कदम को भ्रामक बताया। साथ ही उन्होंने कैनेडी पर दशकों से चली आ रही उस वैज्ञानिक समीक्षा प्रक्रिया की अवहेलना करने का आरोप लगाया, जिसमें विशेषज्ञ सार्वजनिक रूप से मौजूदा चिकित्सा साक्ष्य की समीक्षा करते हैं और नीतिगत बदलावों के पक्ष और विपक्ष पर चर्चा करते हैं।

मुकदमे में ये लगाया गया है आरोप नए मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि कैनेडी और उनके साथियों ने वैक्सीन नीति में बदलाव करते समय सांविधानिक नियमों का उल्लंघन किया। उन्होंने लोगों को गुमराह किया और पारदर्शिता नहीं रखी। आरोप है कि कैनेडी ने वैक्सीन की सलाह देने वाले सरकारी पैनल के सभी 17 सदस्यों को हटा दिया और उनकी जगह कई एंटी-वैक्सीन लोगों को शामिल किया। वैक्सीन में बदलाव को लेकर डॉक्टरों की चिंता सरकार द्वारा वैक्सीन नीति में बदलाव करने पर डॉक्टरों ने चिंता जताई है।

# पेट्रो ने अमेरिका से रिश्ते सुधारने के लिए ट्रंप को भेजा सफाई पत्र

**बोगोटा।** कोलंबिया के राष्ट्रपति पेट्रो ने ट्रंप को गोपनीय पत्र भेजकर सफाई दी कि उनके बयान अमेरिकी अधिकारियों पर तख्तापलट का आरोप नहीं थे। यह पत्र 23 जून को लिखा गया था और मीडिया में लीक हो गया। दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजनयिकों को वापस बुला लिया है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने जून में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक गोपनीय पत्र भेजा। इस पत्र में उन्होंने कहा कि उनकी किसी भी टिप्पणी का मकसद अमेरिकी अधिकारियों पर तख्तापलट की साजिश का आरोप लगाना नहीं था। यह पत्र 23 जून को लिखा गया था और सोमवार को कोलंबियाई मीडिया में लीक हो गया। बता दें कि यह पत्र पेट्रो के उस भाषण के बाद आया, जिसमें उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो पर अपनी सरकार को गिराने की साजिश रचने का आरोप लगाया था।



हालांकि, अब पत्र में उन्होंने कहा है कि उनकी बात को गलत तरीके से समझा गया और उनके बयान का मकसद किसी पर सीधा आरोप लगाना नहीं था। उन्होंने अमेरिका-लैटिन अमेरिका सम्मेलन बुलाने की भी बात कही। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि ट्रंप ने यह पत्र देखा है या नहीं।

### दोनों देशों के रिश्ते को मजबूत करने के लिए पत्र एक कोशिश

मामले में कोलंबिया की विदेश मंत्री लौरा साराबिया ने पुष्टि की कि यह पत्र दोनों देशों के रिश्ते मजबूत करने की कोशिश का हिस्सा था। लेकिन इसी हफ्ते अमेरिका ने कोलंबिया में अपने शीर्ष राजनयिक को वापस बुला लिया, यह कहते हुए कि कोलंबियाई सरकार के उच्च स्तर से बेबुनियाद और निंदनीय बयान दिए गए हैं। जवाब में कोलंबिया ने भी अमेरिका से अपने राजदूत को वापस बुला लिया है।

### कोलंबिया और अमेरिका की साझेदारी


बता दें कि कोलंबिया और अमेरिका दशकों से ड्रग्स के खिलाफ अभियान में साझेदार रहे हैं। अमेरिका ने बीते 20 वर्षों में कोलंबिया को 13 अरब डॉलर से ज्यादा की मदद दी है। लेकिन 2022 में पेट्रो के सत्ता में आने के बाद से रिश्तों में बदलाव आया है। पेट्रो जलवायु परिवर्तन और स्वच्छ ऊर्जा को प्राथमिकता दे रहे हैं।

### कोलंबिया और अमेरिका के रिश्ते में तनाव

गौरतलब है कि जनवरी में पेट्रो और ट्रंप में तब टकराव हुआ जब कोलंबिया ने अमेरिका से भेजे गए दो डिपोर्टेशन फ्लाइट्स को उतरने नहीं दिया। ट्रंप ने इसके जवाब में 25% टैरिफ की धमकी दी, लेकिन दोनों देशों के बीच बातचीत से मामला सुलझ गया। इसके बाद हाल ही में पेट्रो ने दो अमेरिकी सांसदों पर भी तख्तापलट की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया था, जिसे दोनों ने खारिज किया। इस संबंध में सामने आए ऑडियो लीक की जांच कोलंबियाई प्रशासन ने शुरू कर दी है। ऐसे में यह विवाद ऐसे समय में सामने आया है जब कोलंबिया में कोकीन उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है।

# ट्रम्प ने 14 देशों पर टैरिफ लगाया, भारत शामिल नहीं

## जापान-साउथ कोरिया पर 25%, म्यांमार पर 40% टैरिफ, 1 अगस्त से लागू होगा



**वॉशिंगटन।** ट्रम्प ने 14 देशों को लेटर भेजा है। उन्होंने सबसे पहले जापान के ढट शिगेरु इशिबा और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्यांग को भेजे लेटर शेयर किए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को बांग्लादेश-जापान समेत 14 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया है। ट्रम्प प्रशासन ने सोमवार को सभी प्रभावित देशों को औपचारिक रूप से लेटर भेजकर इस निर्णय की जानकारी दी। इस फैसले के तहत कुछ देशों पर 25% टैक्स लगाया गया है, जबकि कुछ पर 30% से 40% तक का भारी शुल्क लगाया गया है। दक्षिण कोरिया और जापान के नेताओं को ट्रम्प ने सबसे पहले लेटर भेजा और कहा कि उनके देश से आने वाले सामान पर अब 25% शुल्क लगेगा। उन्होंने लिखा कि ये टैक्स इसलिए जरूरी हैं, ताकि अमेरिका और इन देशों के बीच व्यापार में जो असंतुलन है, उसे सुधारा जा सके। ये टैरिफ 1 अगस्त से लागू होंगे। इसके साथ ही ट्रम्प ने 1 अगस्त से ग्लोबल टैरिफ लगाने की घोषणा की। पहले ट्रम्प 9 जुलाई को इसका ऐलान करने वाले थे। ट्रम्प ने अप्रैल में पहली बार सभी अमेरिकी आयात पर 10% बेसलाइन टैक्स और 60 देशों पर अलग-अलग टैक्स लगाने की बात की थी। उस घोषणा के बाद दुनियाभर के शेयर और बॉन्ड बाजारों में उथल-पुथल मच गई थी, इसलिए उन्होंने टैरिफ को कुछ समय के लिए टाल दिया था और देशों को अमेरिका के साथ नई डील करने का मौका दिया था। पहले उन्हें 8 जुलाई तक का वक्त दिया गया था, ताकि 9 जुलाई से नए टैरिफ लागू हो सकें। अब ये डेडलाइन बढ़ाकर 1 अगस्त कर दी गई है।

भारत, यूरोपीय यूनियन के साथ ट्रेड डील जल्द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा है कि ट्रम्प इस हफ्ते कई देशों के साथ ट्रेड डील का ऐलान कर सकते हैं। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील बहुत करीब पहुंच चुकी है। यूरोपीय यूनियन भी अमेरिका के साथ समझौता करने के काफी नजदीक है। इसके साथ ही पाकिस्तान, ताइवान और स्विटजरलैंड जैसे दूसरे देश में अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने का रास्ता तलाश रहे हैं।

# जापानी प्रधानमंत्री ने ट्रंप के नए टैरिफ को बताया निराशाजनक, बोले- राष्ट्रीय हित से पीछे नहीं हटेंगे

**टॉक्यो।** अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की धीमी प्रगति की वजह बताते हुए जापानी पीएम ने कहा कि 'सरकार इस मामले में जल्दबाजी नहीं करना चाहती ताकि हमे अपने हितों से समझौता न करना पड़े और जो जरूरी है, उसकी रक्षा की जा सके।'

जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जापान पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला बेहद खेदजनक है। उन्होंने कहा कि पारस्परिक लाभ के लिए द्विपक्षीय वार्ता जारी रहेगी। जापानी पीएम ने टैरिफ टास्क फोर्स की बैठक में कहा कि राष्ट्रीय हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।



### जापानी पीएम बोले- राष्ट्रीय हितों की रक्षा करेंगे

इशिबा ने कहा कि 'हम अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखेंगे ताकि एक ऐसा समझौता हो सके, जो दोनों देशों के लिए फायदेमंद हो। साथ ही हम अपने राष्ट्रीय हितों की भी अनदेखी नहीं करेंगे।' अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की धीमी प्रगति की वजह बताते हुए जापानी पीएम ने कहा कि 'सरकार इस मामले में जल्दबाजी नहीं करना चाहती ताकि हमे अपने हितों से समझौता न करना पड़े और जो जरूरी है, उसकी रक्षा की जा सके।' अमेरिकी राष्ट्रपति ने जापान, दक्षिण कोरिया समेत 14 देशों पर एक अगस्त 2025 से नई टैरिफ दरें लागू करने का एलान किया है। अमेरिका, जापान से कारें, कारों के कल-पुर्जे, फार्मास्यूटिकल्स और मशीन उपकरणों का आयात करता है।

### इन 14 देशों के राष्ट्राध्यक्षों को भेजा पत्र

जिन 14 देशों पर नए टैरिफ का एलान किया गया है, उनमें बांग्लादेश, बोस्निया और हजेर्गोविना, कंबोडिया, इंडोनेशिया, जापान, कजाखिस्तान, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, सर्बिया, ट्यूनिशिया, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड शामिल हैं। लाओस पर 40 प्रतिशत, दक्षिण अफ्रीका पर 30 प्रतिशत, थाईलैंड, कंबोडिया पर 36 प्रतिशत, बांग्लादेश पर 35 प्रतिशत और इंडोनेशिया पर 32 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है। ट्रंप ने ये भी चेतावनी दी कि अगर इन देशों ने कोई जवाबी कार्रवाई की, तो वे इन देशों से आने वाले समान पर आयात कर भी लागू कर देंगे।

# 70 से ज्यादा देशों के नागरिक अब बिना वीजा जा सकेंगे चीन, पर्यटन को बढ़ावा देने की तैयारी

**शंघाई।** साल 2023 की शुरूआत में कोरोना महामारी के बाद चीन ने अपनी सीमाएं फिर से लोगों के लिए खोलीं थी, लेकिन उस साल सिर्फ 1.3 करोड़ पर्यटक ही चीन पहुंचे। साल 2019 में चीन में तीन करोड़ से ज्यादा पर्यटक पहुंचे थे।

चीन की सरकार ने अपने देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 70 से ज्यादा देशों के नागरिकों को बिना वीजा चीन में एंट्री देने का एलान किया है। चीन ने अपनी वीजा नीति में अभूतपूर्व बदलाव किया है और अब 74 देशों के नागरिक 30 दिनों तक चीन में बिना वीजा के रह सकते हैं। यह चीन के पूर्व के नियमों की तुलना में बड़ा बदलाव है। चीन की सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने, अर्थव्यवस्था को गति देने और अपनी सॉफ्ट पावर बढ़ाने के लिए लोगों को वीजा फ्री एंट्री की सुविधा दे रही है।

पर्यटकों की आमद बढ़ाने की कवायद साल 2024 में चीन में करीब दो करोड़ पर्यटक बिना वीजा दाखिल हुए। यह पूर्व की तुलना में चीन पहुंचे कुल पर्यटकों की आधे से भी ज्यादा संख्या है। बिना वीजा एंट्री पर पर्यटकों का कहना है कि इससे उन्हें वीजा के लिए आवदेन करने की



तनावपूर्ण प्रक्रिया से राहत मिल जाती है। साल 2023 की शुरूआत में कोरोना महामारी के बाद चीन ने अपनी सीमाएं फिर से लोगों के लिए खोलीं थी, लेकिन उस साल सिर्फ 1.3 करोड़ पर्यटक ही चीन पहुंचे। साल 2019 में चीन में तीन करोड़ से ज्यादा पर्यटक पहुंचे थे। इससे साफ है कि कोरोना प्रतिबंधों से चीन में पर्यटन पर विपरीत असर पड़ा। यही वजह है कि चीन ने फिर से पर्यटन क्षेत्र को पटरी पर लाने के लिए यूरोप, एशिया, लैटिन अमेरिका और पश्चिम एशिया के कई देशों के लोगों को बिना वीजा चीन में एंट्री की सुविधा दी है।

### इन देशों को मिलेगी सुविधा

दिसंबर 2023 में चीन ने फ्रांस, जर्मनी, इटली और नीदरलैंड्स, स्पेन, मलेशिया के नागरिकों को चीन में बिना वीजा एंट्री की सुविधा देने का एलान किया था। अब सभी यूरोपीय देशों के नागरिकों को यह सुविधा दे दी गई है।

पांच लैटिन अमेरिकी देशों और उज्बेकिस्तान के नागरिकों को बीते महीने ही चीन में बिना वीजा एंट्री की सुविधा मिली। इसके बाद पश्चिम एशिया के चार देशों को भी जोड़ा गया। अब 16 जुलाई से अजरबैजान के नागरिकों को भी चीन में वीजा फ्री एंट्री मिलेगी, जिससे कुल देशों की संख्या 75 हो जाएगी। इनमें से दो तिहाई देशों को फिलहाल एक साल के लिए ट्रायल के लिए वीजा फ्री एंट्री दी जा रही है और सबकुछ सही रहने पर इसे आगे बढ़ाया जा सकेगा।

# प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की माता जी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे नीरज सिंह



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की माता भाग्यवती देवी के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए भाजपा नेता नीरज सिंह बिजनौर स्थित उनके पैतृक गांव हुर्र नगला, नगीना पहुंचे। इससे पहले नीरज सिंह गाजियाबाद में यूपी गेट पहुंचे और यहां से भाजपा नेता और कार्यकर्ता उनके काफिले में शामिल हुए। नीरज सिंह ने नगीना पहुंच कर धर्मपाल सिं की माता जी के निधन पर शोक व्यक्त किया और दिवंगत आत्मा को श्रृद्धा सुमन अर्पित किये। नीरज सिंह के साथ श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, शहर विधायक संजीव शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता बृजपाल तेवतिया, पूर्व डिप्टी मेयर सरदार सिंह भाटी, ब्लॉक प्रमुख निशांत सिसौदिया, जितेन्द्र नागर, सोनू राणा, कर्मवीर शर्मा, लखनऊ के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, कालीचरण पहलवान, शिवम चौधरी, मनोज गौतम, सुबोध ठाकुर, परमिन्दर यादव सहित कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।

# औद्योगिक क्षेत्र में नाले पर लैंटर डालकर खोले जा रहे रास्ते, महापौर ने यूपी सीडा के अधिकारियों से वार्ता की

## -डायमंड रोड को चौड़ीकरण औद्योगिक क्षेत्र के ट्रक खड़े करने के लिए नही बना बल्कि शहर की सुंदरता के लिए बनाया:महापौर



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** औद्योगिक क्षेत्र अब नगर निगम क्षेत्र से यूपीसीडा के अंतर्गत चले गए है, जिसमें महापौर सुनीता दयाल को पार्षदों ने बताया कि ब्रज विहार नाले पर लैंटर डालकर फैक्टरियों के गेट खोले जा रहे है। इसी तरह कविनगर औद्योगिक क्षेत्र में डायमंड रोड का चौड़ीकरण करने के बाद औद्योगिक क्षेत्र में आने वाले ट्रैकों को उसी रोड पर खड़ा कर दिया जाता है। वहां ट्रक खड़े होने से पूरी सड़क और ग्रीनरी खराब हो रही है। इस सम्बन्ध में महापौर सुनीता दयाल ने यूपीसीडा के आरएम से फोन पर वार्ता की और इन दोनों समस्याओं से अवगत कराते हुए साफ साफ शब्दों में निर्देश दिए कि फैक्टरी का नक्शे जो गेट है वहीं रहे और कोई नई अनुमति न दी जाए। इसके साथ डायमंड रोड पर भी ट्रक न खड़े हो। वह सौन्दर्यकरण शहर को सुंदर बनाने के लिए किया गया है और उस रोड पर ट्रक खड़े हो जाते है यह शहर हित में ठीक नही है और सम्बन्धित अधिकारी क्षेत्र की गतिविधियों पर भी नजर रखें।

# पूर्व विदेश मंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर दी जायेगी श्रद्धांजलि

## : महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व मे 6 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विदेश मंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि के अवसर पर आईएमई साहिबाबाद में आयोजित होने वाले श्रद्धांजलि कार्यक्रम को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन शालीमार गार्डन मे किया गया। इस बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा एवं कार्य विभाजन पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक मे भाजपा के अनेक पदाधिकारी कार्यकर्ता व समाजसेवी बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे और सुषमा जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए कार्यक्रम को भव्य और गरिमामय बनाने का संकल्प लिया।

इस बैठक मे द्वारकानाथ कौल, प्रतीक माथुर, भूषण लाल, अनिल फौजदार, भूपेंद्र गोस्वामी, प्रेम त्यागी, लेखराज एसपी तिवारी, आरपी सिंह, प्रियंका सोलंकी, सुमन सती, निशा चौहान, अंजू घनशाला, आशा पवार, सीमा सिंह, अनीता राणा , पुष्पा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# समरकूल गोल्डन परिवार ने धूमधाम से मनाया डायरेक्टर राजीव गुप्ता का जन्मदिन



गाजियाबाद करंट क्राइम। मंगलवार को समरकूल ग्रुप के डायरेक्टर राजीव गुप्ता का जन्मदिन, समरकूल गोल्डन परिवार ने मिलकर धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर राजीव गुप्ता ने परिवार के साथ केक काटकर कंपनी के चेयरमैन और अपने बडे भाई संजीव कुमार गुप्ता का आशीर्वाद प्राप्त किया। गोल्डन परिवार के सभी सदस्यों ने पटका पहनाकर पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए राजीव गुप्ता को जन्मदिन की शुभकामनाएं भेंट की। इस अवसर पर मुख्य रूप से संजीव कुमार गुप्ता, राजीव गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, तुषार गुप्ता, तनुज गुप्ता, राजकुमार राणा, नरेश बत्रा, रोहित गोयल, तरुण ढिंगरा, पंकज नोटियाल, अजय माथुर, कनिका गोयल, तरूण कुमार, सचिन जैन, नरेंद्र गोयल, सुरेश प्रशाद, सतीश गुप्ता, सौरभ सिंह, यश गोयल,ऋषभ गोयल,अशोक शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

# शहर विधायक संजीव शर्मा ने एचएच केएम इंटर कॉलेज में पौधरोपण किया

## पांच एचपी के पंप का उद्घाटन भी किया



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शहर विधायक संजीव शर्मा एक तरफ जहां पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण अभियान चला रहे हैं, वहीं क्षेत्र की जनता को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के अभियान में भी जुटे हैं। इसी कडी में मंगलवार को उन्होंने माधोपुरा स्थित में एचएचकेएम इंटर कॉलेज में पौधरोपण किया। साथ ही पांच एचपी के पंप का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंध समिति, शिक्षक-शिक्षिकाओं व क्षेत्रवासियों ने शहर विधायक संजीव शर्मा का जोरदार स्वागत किया।

इस अवसर पर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि प्रदूषण दिल्ली-एनसीआर की बहुत बडी समस्या है। इस समस्या का एकमात्र समाधान अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करना ही है। इस समस्या के समाधान के लिए ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम से देश भर में अभियान शुरू किया है, जिसे सफल बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से प्रदेश में करोडों पौधे लगाए जा रहे हैं। शहर के वातावरण को शुद्ध व स्वच्छ रखने के लिए शहर में भी पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। विजयनगर में सेना की जो जमीन मुक्त कराई गई है, उस पर वन विभाग व नगर निगम के सहयोग से हजारों पौधे लगाए जाएंगे।

# नकाबपोश हमलावरों ने कार पर बरसाए ईंट-डंडे

## कोतवाली में आधी रात पहुंचे हमलावर



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** घर के बाहर खड़ी गाड़ी पर नकाबपोश हमलावरों ने पहले ईंट बरसाई, फिर ताबड़तोड़ डंडे बरसाए। जिसमें कार के शीशे को क्षतिग्रस्त कर दिया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के पंचवटी इलाके की है। पीड़ित ने इस मामले में पुलिस से शिकायत कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात कार पर डंडे बरसाने की यह घटना गाजियाबाद के कोतवाली के पंचवटी इलाके की है। घर के बाहर खड़ी कार पर नकाबपोश हमलावरों ने ताबड़तोड़ लाठी से वार कर कार के विंडस्क्रीन तोड़ दिए। यह कार ल्फ मैनेजर अनूप दुबे की है। पीड़ित ने आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया कि टोनी से विवाद चल रहा है। जिसके चलते टोनी रिश्तेदार ने कार में तोड़फोड़ की है। लिखित शिकायत दी गई है। घटना की सीसीटीवी सामने आने के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने इस मामले में थाना पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# राजनगर सेक्टर 9 के राम पार्क में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा वन महोत्सव के कार्यक्रम के अंतर्गत राजनगर सेक्टर 9 राम पार्क में पौधरोपण का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में पार्षद प्रवीण चौधरी, राजनगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के महामंत्री अमरीश कुमार त्यागी, कोषाध्यक्ष प्रभाकर त्यागी, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश भोला, बिग स्माइल फाउंडेशन के चेयरपर्सन जितेंद्र रंधावा, क्रय-विक्रय समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सारस्वत, नगर निगम उद्यान विभाग के कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग और विद्युत विभाग के कर्मचारी, पार्क में मौजूद रहे।

# जिला न्यायालय में लिफ्ट फंसी वकीलों समेत कई लोग फंसे



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जिला न्यायालय में लिफ्ट अचानक बीच मंजिल में रुक गई। लिफ्ट में वकीलों समेत करीब आधा दर्जन लोग सवार थे। बाहर मौजूद अन्य वकीलों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए लिफ्ट का दरवाजा खोला और सभी को सुरक्षित बाहर निकाला।

घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। स्थानीय वकीलों के अनुसार यह लिफ्ट इलेक्ट्रिक फॉल्ट के कारण पहले भी कई बार रुक चुकी है। इसके बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। वकीलों ने लिफ्ट की तकनीकी जांच और मरम्मत की मांग की है। उनका कहना है कि कोर्ट परिसर में आने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए यह जरूरी है। लगातार होने वाली ऐसी घटनाएं कोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं।

# बिजली कटौती से परेशान लोगों ने जीटी रोड पर लगाया जाम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** करंट क्राइम। उमस भरी इस गर्मी में लगातार हो रही बिजली कटौती से लोगों के सब्र का बांध टूट गया है। मंगलवार को सैंकडों की संख्या में लोगों ने बिजली घर पर धावा बोला। पहले तो उन्होंने बिजली घर पर जमकर प्रदर्शन किया। बाद में जीटी रोड को जाम कर दिया। लगातार हो रही बिजली कटौती से लाल कुआं और इसके आसपास के लोगों ने मंगलवार सुबह बिजली घर पर प्रदर्शन किया।

इसके बाद बिजली कटौती से नाराज लोगों ने लालकुआं सब स्टेशन के पास जीटी रोड पर जाम लगा दिया। जाम लगाने वालों में अधिकांश लोग लालकुआं के आसपास की कॉलोनी के रहने वाले हैं। वहीं, मौके पर पहुंची



पुलिस ने लोगों को समझाकर विद्युत निगम अधिकारियों से बात करने सब स्टेशन भेज दिया। हालांकि पुलिस को जाम खुलवाने में काफी मशक्कत करनी पडी। लोगों का कहना है कि उन्होंने ट्रांसफार्मर का लोड बढाने के लिए आवेदन किया था लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी कोई पहल नहीं की गई। लोड कम होने के कारण अक्सर ट्रांसफार्मर फूंक जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली कटौती से उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है। वहीं, बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बिजली कटौती की समस्या का समाधान किया जा रहा है।